


# 60 सेकेंड तक हिलता रहा शहर, गिरती रहीं इमारतें

**188** लोगों की जान गई | **6:04** बजे 7.2 की तीव्रता का झटका | **6:05** बजे 7.5 की तीव्रता का भूकंप | **10000** पहुंच सकता है मौत का आंकड़ा

एजेंसी ▸▸ कराकस

वेनेजुएला में 39 सेकेंड में दो ताकतवर भूकंप ने भारी तबाही मचाई। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में बुधवार शाम 6.04 बजे 7.2 और 6.05 बजे 7.5 तीव्रता के दो झटके आए। उस समय भारत में गुरुवार तड़के 3.34 और 3.35 बजे थे। लोगों ने बताया कि भूकंप के बाद 60 सेकेंड तक शहर हिलता रहा। 20 ऑफ्टरशॉक भी दर्ज किए गए हैं। अब तक 188 मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 1520 घायल हैं। ये भूकंप ऐसे दिन आए, जब पूरे देश में राष्ट्रीय अवकाश था। 1821 में स्पेन के खिलाफ आजादी की लड़ाई की ऐतिहासिक जीत की सालगिरह पर स्कूल और दफ्तर बंद थे। इसी वजह से ज्यादातर लोग अपने घरों में मौजूद थे। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44% आशंका है। वहीं, 30% आशंका एक लाख लोगों के जान गंवाने की भी है। दोनों भूकंप राजधानी कराकस से करीब 290 किलोमीटर पश्चिम में आए। इससे कई शहरों में इमारतें गिर गईं या खतरनाक तरीके से झुक गईं। कराकस एयरपोर्ट की छत का कुछ हिस्सा गिर गया। इससे धूल का गुबार उठता दिखाई दिया।



### 1900 में मची थी भारी तबाही

वेनेजुएला में यह पिछले 126 साल का सबसे बड़ा भूकंप है, इससे पहले 1900 में 7.7 का तीव्रता का भूकंप आया था। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया।

राष्ट्रीय अवकाश होने के कारण घर पर ही थे ज्यादातर लोग

कराकस से करीब 290 किलोमीटर पश्चिम में केंद्र

### 27 वर्ष पूर्व हुए भूस्खलन में ला ग्वाइरा शहर में मारे गए थे 15 हजार लोग

बुधवार को आए दोनों शक्तिशाली भूकंपों का सबसे ज्यादा असर ला ग्वाइरा शहर में दिखाई दिया। यह वेनेजुएला की राजधानी कराकस के पास स्थित एक पोर्ट सिटी है। साल 1999 में यहां मूसलाधार बारिश के बाद भीषण भूस्खलन हुआ था। पहाड़ियों पर बनी बस्तियां मलबे में दब गई थीं और कम से कम 15 हजार लोगों की मौत हुई थी। उस समय यह हादसा तत्कालीन राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज के सत्ता संभालने के कुछ ही महीनों बाद हुआ था। अभी यह जो हादसा हुआ है वह डेल्सी रोड्रिगेज के कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के कुछ महीने बाद हुआ है।

### क्या है कारण

वेनेजुएला ऐसे इलाके में है, जहां भूकंप आने का खतरा हमेशा बना रहता है। इसकी वजह यह है कि यहां कैरिबियन प्लेट और साउथ अमेरिकन प्लेट आपस में मिलती हैं। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, बुधवार को आए दोनों भूकंप इन्हीं प्लेटों के टकराने और खिसकने से आए। आसान भाषा में समझें तो जमीन के नीचे बड़ी-बड़ी चट्टानों की परतें (टेक्टोनिक प्लेटें) लगातार धीरे-धीरे खिसकती रहती हैं। लेकिन जब ये अचानक झटके से खिसकती हैं, तो जमीन हिलने लगती है और भूकंप आ जाता है। भूकंप सिर्फ एक जगह नहीं आता। जमीन के नीचे कई किलोमीटर लंबे हिस्से में प्लेटें खिसकती हैं, जिससे तेज झटके महसूस होते हैं। एजेंसी के मुताबिक, इन दोनों भूकंपों के बाद भी जमीन के नीचे हलचल जारी है।

## खबर संक्षेप

### उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी को कैबिनेट मंत्री का दर्जा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी को औपचारिक समारोहों के लिए केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के समकक्ष दर्जा देने का फैसला किया है। गृह मंत्रालय के सार्वजनिक अनुभाग की ओर से 24 जून को जारी किए गए ज्ञापन में बताया गया है कि यह दर्जा व्यक्तिगत आधार पर दिया गया है। हालांकि, इससे भारत सरकार की टेबल ऑफ प्रिसिडेंस में कोई संशोधन नहीं किया गया है। *एजेंसी*

### अब महाराष्ट्र में नीट छात्र ने की आत्महत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के हिंगोली में 18 साल एक नीट अभ्यर्थी ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सुशील धागे के रूप में हुई है। छात्र ने आत्महत्या से पहले मोबाइल फोन से अपना एक वीडियो रिकॉर्ड किया। फिर घर वालों को वीडियो भेजकर उसने एक कुएं में छलांग लगा दी। करीब 33 सेकंड के वीडियो में सुशील ने हाथ जोड़कर मां से माफी मांगी। उसने कहा- मां, मुझे माफ कर देना। मां, आप सुमेध के साथ रहना। *एजेंसी*

### महेश दीक्षित आईबी के नए डायरेक्टर बने

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ. महेश दीक्षित को देश की सबसे अहम आंतरिक इंटेलिजेंस ब्यूरो का नया डायरेक्टर बनाया गया है। वे 1993 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। दीक्षित मौजूदा आईबी प्रमुख तपन कुमार डेका की जगह लेंगे। डेका 2022 से आईबी की कमान संभाल रहे थे। पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल पद संभालने की तिथि से 2 साल या अगले आदेश तक जो भी पहले होगा, तक रहेगा। *एजेंसी*

# हरियाणा सहित कई राज्यों में बारिश, कई जगह हादसे

दिल्ली-एनसीआर में आंधी में गिरे पेड़

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है। हरियाणा में गुरुवार को भी कई जिलों में बरसात हुई। इसके साथ-साथ कई में बारिश का येलों अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के कोलकाता में गुरुवार दोपहर को मूसलाधार बारिश हुई। करीब दो घंटे की तेज बारिश से शहर की कई प्रमुख सड़कें डूब गईं। कोलकाता और साल्ट लेक के कई इलाकों में सड़कों पर पानी भरने से लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। भारी बारिश के कारण तारातला में ढहे गोदाम पर चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन भी प्रभावित हुआ है। बुधवार को हुए हादसे में 10 लोगों की मौत हुई है। अब तक मलबे से 30 लोगों को निकाला गया है। कई लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं। इधर 6 राज्यों- उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। हवा की रफ्तार 70 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इससे पेड़ गिरने और टेंट-शेड उड़ने का खतरा है। गोवा के बागा बीच पर बुधवार को एक टूरिस्ट की समुद्र में बहने से मौत हो गई।

कोलकाता में बारिश से सड़कें डूबीं
गोवा में टूरिस्ट समुद्र में बहा
22 राज्यों में पहुंचा मानसून



## कथित अपमानजनक बयान को लेकर 'खेद' जताया

# राहुल ने मानहानि के मामले में शिवराज के बेटे से मांगी माफी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह से जुड़े मानहानि के मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष लिखित में 'खेद' जताने को लेकर उन पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा। सत्तारूढ़ दल ने दावा किया कि राहुल गांधी ने बार-बार बेबुनियाद आरोप लगाए और कानूनी कार्रवाई का सामना करने पर बाद में 'माफी' मांगी। राहुल ने अदालत में चौहान के बेटे के खिलाफ कथित अपमानजनक बयान को लेकर 'खेद' जताया था।



भाजपा ने कहा, बार-बार बेबुनियाद आरोप लगाते हैं

## साइबर वित्तीय धोखाधड़ी में पुलिस की बड़ी पहल

# एक लाख रुपये से अधिक की ठगी पर स्वतः दर्ज होगी ई-जीरो एफआईआर

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा पुलिस ने साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में एक महत्वपूर्ण और नागरिक हितैषी कदम उठाते हुए ई-जीरो एफआईआर सुविधा शुरू की है। इस नई व्यवस्था के तहत हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज होने वाली एक लाख या उससे अधिक राशि की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी संबंधी शिकायतों को स्वतः ई-जीरो एफआईआर/जीरो एफआईआर में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे मामलों में शीघ्र कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पहल एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन में प्रणाली की शुरुआत की गई है। डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि साइबर अपराध आज कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। इस व्यवस्था से हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त गंभीर साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतों को तत्काल कानूनी प्रक्रिया में लाया जा सकेगा, जिससे धनराशि की रिकवरी, डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण तथा अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी की संभावनाएं और मजबूत होंगी।

**पीड़ितों को होगा तत्काल लाभ**

हेल्पलाइन 1930 और साइबर पुलिस स्टेशनों के बीच बेहतर समन्वय से मिलेगी त्वरित कानूनी कार्रवाई

(संबंधित खबर पेज-4 पर)

## एसआईटी ने 17 को माना था आरोपी

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी में 8 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें 8 आरोपी बनाए गए हैं। ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन ने एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया। एसआईटी जांच के लिए 13 जून को बनाई गई थी। 23 जून को इसने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी। एफआईआर में रमाशंकर यादव (टिन्नू), अनुकल्प मिश्रा, अविनाश शुक्ला, मनीष यादव, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष और करुणेश के नाम हैं। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि एफआईआर में चंपत राय का नाम है या नहीं। इससे पहले सूत्रों से जानकारी सामने आई थी कि एसआईटी ने जांच रिपोर्ट में चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव समेत 17 लोगों को आरोपी माना था। इनके खिलाफ एफआईआर होना लगभग तय माना जा रहा था। एसआईटी को जांच के दौरान दानपात्रों की चाबियां टिन्नू के पास मिलीं थी।

चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा का नाम नहीं

## विदेश मंत्रालय ने बढ़ाई फीस

# पासपोर्ट बनवाना हुआ महंगा अब 2,500 रुपये देने होंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में पासपोर्ट बनवाना एक जुलाई से महंगा हो जाएगा। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट नियमों में बदलाव करते हुए अलग-अलग कैटेगरीज की फीस बढ़ाई है। ये बढ़ोतरी 14 साल बाद की गई है। नोटिफिकेशन के अनुसार, अब आवेदकों को नॉर्मल कैटेगरी में पासपोर्ट बनवाने के लिए 1,000 रुपये ज्यादा देने होंगे। 36 पन्नों के नॉर्मल कैटेगरी पासपोर्ट की फीस 1,500 से बढ़कर 2,500 रुपये हो गई है। तत्काल सेवा या कैटेगरी की फीस जो पहले 3,500 रुपये थी, अब 5,000 रुपये कर दी गई है। जो 60 पन्नों का पासपोर्ट बुकलेट चाहते हैं, उन्हें नॉर्मल कैटेगरी में 3,500 और तत्काल प्रोसेसिंग के लिए 6,000 रुपये का भुगतान करना होगा।

खोने या डैमेज होने पर 8,500 तक फीस लगेगी

## ग्रुप-डी कर्मियों को लेकर बड़ा फैसला

# कॉमन कैडर बदलने का मिलेगा एकमुश्त विकल्प

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सरकार ने राज्य के हजारों ग्रुप-डी कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उन्हें कॉमन कैडर में बने रहने या उससे बाहर निकलने का एकमुश्त विकल्प देने का फैसला किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इससे से संबंधित पत्र जारी कर दिया है। यह प्रक्रिया सभी ग्रुप-डी कर्मचारियों तथा 28 मार्च, 2018 से 31 मार्च, 2020 के बीच अनुकंपा आधार पर नियुक्त कर्मचारियों पर लागू होगी। पत्र में कहा गया है कि ग्रुप-डी सेवा ढांचे में किए गए संशोधनों के बाद पात्र कर्मचारियों को यह एकमुश्त अवसर प्रदान किया जा रहा है कि वे कॉमन कैडर में बने रहने या उससे बाहर निकलने का विकल्प चुन सकें।

1 से 15 जुलाई तक ऑनलाइन भरना होगा विकल्प

## कमर्शियल व अन्य ग्राहकों को राहत

# केंद्र ने एलपीजी सप्लाई पर लगी सभी पाबंदियां हटाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने पश्चिम एशिया संकट का दबाव कम होने के साथ बृहस्पिवार को होटल, रेस्टरां जैसे वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए एलपीजी की आपूर्ति को संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लिए आपूर्ति को लेकर लगाये गये प्रतिबंधों को भी हटा लिया।


ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं हुई कम

### युद्ध से पहले के स्तर पर कच्चे तेल के दाम

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72.76 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। इससे पहले मार्च 2026 में ब्रेंट क्रूड 75.75 डॉलर प्रति बैरल पर था। लगातार गिरावट के चलते कच्चे तेल की कीमतें अब चार महीने के निचले स्तर के करीब पहुंच गई हैं। (विस्तृत पेज -4 पर)

# कपड़ों की गांठों के नीचे दबीं दो बच्चियां, मौत

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** पानीपत के निकटवर्ती गांव भैंसवाल के रकबे में स्थित श्री लक्ष्मी फैक्ट्री के गोदाम में परिजनों के साथ आई तीन बच्चियों ढाई साल की सोनम पुत्री रामा निवासी शक्ति नगर, मूल निवासी मैनपुरी उत्तर प्रदेश, चार वर्षीय प्रज्ञा पुत्र नरेंद्र निवासी विकास नगर, मूल निवासी हरदोई, उत्तर प्रदेश व सात वर्षीय रोशनी पुत्री नीलम निवासी गांव बिचपडी वीरवार की दोपहर करीब बारह बजे पानीपत 500-500 किलोग्राम वजनी धागे के दो बंडलों के नीचे दब गई। तीनों बच्चियों को हालत गंभीर हालत में पानीपत के सिविल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने सोनम व प्रज्ञा को मृत घोषित कर दिया। जबकि रोशनी का सिविल अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम सिविल अस्पताल पहुंची और दूसरी टीम ने घटनास्थल की जांच की। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों बच्चियों की मौत दम घुटने से हुई है।



पानीपत में फैक्ट्री में खेलते समय हादसा बैलेंस बिगड़ने से दो बड़े बंडल सरके

## पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं? विदेश मंत्रालय की सफाई के बाद उठे सवाल

# आखिर कैसे साबित होगा मैं भारतीय हूं?

सेंट्रल डेस्क ▸▸ रोहतक

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को पासपोर्ट सेवा दिवस पर स्पष्ट किया कि भारतीय पासपोर्ट मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज है और इसे अपने आप में नागरिकता के अंतिम प्रमाण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इस बयान के बाद व्यापक भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। अधिकांश भारतीयों के लिए पासपोर्ट सरकार द्वारा जारी सबसे अधिक विश्वसनीय दस्तावेज माना जाता है। इस पर भारत गणराज्य का नाम अंकित होता है, इसे दुनिया भर में स्वीकार किया जाता है और यह सरकारी सत्यापन के बाद ही जारी किया जाता है। हालांकि, विदेश मंत्रालय की यह सफाई एक लंबे समय से स्थापित कानूनी स्थिति को दर्शाती है। सरकार किसी व्यक्ति को पासपोर्ट इसलिए जारी करती है क्योंकि वह संतुष्ट होती है कि वह भारतीय नागरिक है, लेकिन पासपोर्ट स्वयं नागरिकता प्रदान नहीं करता और न ही किसी कानूनी विवाद की स्थिति में नागरिकता का अंतिम और निर्णायक प्रमाण माना जाता है।

**सवाल: फिर नागरिकता का प्रमाण क्या है?**

**जवाब:** नागरिकता एक कानूनी स्थिति है, कोई दस्तावेज नहीं। संविधान के अनुच्छेद 5 से 11 और नागरिकता अधिनियम, 1955 यह निर्धारित करते हैं कि भारतीय नागरिक कौन है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इनमें से कोई भी प्रावधान किसी एक दस्तावेज को नागरिकता का प्रमाण नहीं मानता। नागरिकता को एक कानूनी स्थिति माना गया है, जो जन्म, वंश, निवास (डोमिसाइल) या न्यूट्रलाइजेशन जैसे तथ्यों से उत्पन्न होती है। उदाहरण : भारत में जन्मे व्यक्ति की नागरिकता उसके जन्म की तारीख और कुछ मामलों में उसके माता-पिता की नागरिकता पर निर्भर करती है। वहीं, न्यूट्रलाइजेशन के माध्यम से नागरिकता प्राप्त करने वाले व्यक्ति के लिए वैधानिक शर्तों का पालन आवश्यक होता है। हालांकि, नागरिकता नियम, 2003 के तहत कुछ मामलों में भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने वालों को यह साबित करने के लिए अपने माता-पिता के पासपोर्ट की प्रतियां देनी होती हैं कि वे भारतीय नागरिक हैं।




**सवाल : पासपोर्ट महत्वपूर्ण क्यों है, लेकिन अंतिम प्रमाण क्यों नहीं?**

**जवाब :** चूंकि पासपोर्ट केवल भारतीय नागरिकों को जारी किया जाता है और विदेशों में इसे मान्यता प्राप्त है, इसलिए व्यवहारिक रूप से यह किसी व्यक्ति के भारतीय नागरिक होने का सबसे मजबूत प्रमाण माना जाता है। लेकिन कानूनी दृष्टि से इसकी स्थिति जटिल है। पासपोर्ट अधिनियम की धारा 20 केंद्र सरकार को यह अधिकार देती है कि यदि जनहित में आवश्यक हो तो वह किसी गैर-भारतीय नागरिक को भी पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज जारी कर सकती है। यदि भारतीय मूल का कोई व्यक्ति भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण राज्यविहीन हो जाए या भारत में मौजूद कोई व्यक्ति राज्यविहीन हो लेकिन उसे विदेश यात्रा करनी हो। भारत ने तिब्बती शरणार्थियों और श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों को विदेश यात्रा के लिए विशेष यात्रा दस्तावेज जारी किए हैं।

**अन्य लोकतंत्रों में भी यही व्यवस्था :** ब्रिटेन और अमेरिका जैसे लोकतांत्रिक देशों में भी पासपोर्ट नागरिकता का निर्माण नहीं करता। वहां पासपोर्ट तब जारी किया जाता है जब सरकार पहले ही यह तय कर चुकी होती है कि व्यक्ति नागरिक है। अंतर यह है कि इन देशों में नागरिक पंजीकरण प्रणाली अधिक मजबूत है और न्यूट्रलाइजेशन के माध्यम से नागरिकता प्राप्त करने वालों को औपचारिक नागरिकता प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं, जिन्हें नागरिकता का प्राथमिक कानूनी प्रमाण माना जाता है।

### नागरिकता व्यवस्था का विरोधाभास आया सामने

'पासपोर्ट विवाद ने भारत की नागरिकता व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण विरोधाभास सामने ला दिया है। भारत के पास नागरिकता निर्धारित करने के लिए विस्तृत कानून हैं, लेकिन अधिकांश नागरिकों के पास ऐसा कोई एक दस्तावेज नहीं है जो निर्णायक रूप से उनकी नागरिकता सिद्ध कर सके। यही कारण है कि कानूनी रूप से पासपोर्ट, आधार, वोटर आईडी या जन्म प्रमाणपत्र में से कोई भी अकेले नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जाता। नागरिकता अंततः एक कानूनी स्थिति है, जिसे विभिन्न तथ्यों और दस्तावेजों के समग्र मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित किया जाता है।'

### उच्च शिक्षा के लिए तय हुआ रोडमैप, गुणवत्ता और वैश्विक रैंकिंग पर जोर

# प्रदेश में बनेंगे वर्ल्ड क्लास एआई कॉलेज बीए तक छात्राओं की ट्यूशन फीस माफ

22 मॉडल संस्कृति महाविद्यालयों को बनाया जाएगा स्वायत्त संस्थान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में उच्चतर शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर 'हरियाणा विजन-2047' के तहत आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना और रोडमैप पर चर्चा की। बैठक में उच्च शिक्षा को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए चल रही योजनाओं, बजट घोषणाओं और मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य के 22 मॉडल संस्कृति महाविद्यालयों को स्वायत्त संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें आधुनिक आधारभूत ढांचे, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी और तकनीक आधारित शिक्षण सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कॉलेज भवनों और शैक्षणिक परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

### विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी

अधिकारियों ने बताया कि सरकारी महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर छात्राओं की ट्यूशन फीस माफ की गई है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट पर विशेष निगरानी रखने और उन्हें दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक कारणों से कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए छात्रवृत्ति और अन्य सहायता योजनाओं को और प्रभावी बनाया जाए। बैठक में बताया गया कि राज्य के शिक्षण संस्थानों को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की शीर्ष 150 संस्थाओं में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग, छात्र विनिमय कार्यक्रम, शोध गतिविधियों और पेटेंट संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों की रैंकिंग सुधारने, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए।

### मेधावी छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी

मुख्यमंत्री ने 'अव्वल बालिका योजना' के तहत मेधावी छात्राओं को स्कूटी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी योजनाओं और परियोजनाओं की नियमित निगरानी तथा समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि हरियाणा को उच्च शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जा सके। बैठक में बताया गया कि अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए पेटेंट पंजीकरण शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा 10 करोड़ रुपये का 'उच्च शिक्षा गुणवत्ता एवं अनुसंधान कोष' स्थापित किया जा रहा है।

## संत कबीर कुटीर में मना बाबा बंदा बहादुर का शहीदी दिवस



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में आयोजित कार्यक्रम में महान योद्धा और समाज सुधारक बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने बाबा बंदा सिंह बहादुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ संघर्ष करते हुए समाज को नई दिशा दी। उन्होंने किसानों, गरीबों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उनका जीवन साहस, त्याग, वीरता और राष्ट्रभक्ति का प्रेरणास्रोत है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर के आदर्श आज भी समाज को एकता, न्याय और मानवता का संदेश देते हैं। उन्होंने युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# अब मेरिट के आधार पर होंगे तबादले मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर नीति लागू

### 120 अंकों की प्रणाली : सिफारिश और मानवीय हस्तक्षेप पर लगेगी रोक

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राज्य के नियमित कर्मचारियों के तबादलों को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और मेरिट आधारित बनाने के लिए मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर नीति-2026 लागू कर दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा अधिसूचित इस नीति के तहत अधिकांश विभागों में तबादले पूरी तरह ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से किए जाएंगे। सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से तबादलों में मानवीय हस्तक्षेप, सिफारिश और पक्षपात पर प्रभावी अंकुश लगेगा तथा पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी। यह नीति उन सभी नियमित कर्मचारियों पर लागू होगी, जिनके कैडर में स्वीकृत पदों की संख्या 50 या उससे अधिक है। जरूरत पड़ने पर 50 से कम पदों वाले कैडरों को भी इसके दायरे में लाया जा सकेगा।

### अखिल भारतीय सेवाओं व हरियाणा सिविल सेवा नई नीति से बाहर

हालांकि अखिल भारतीय सेवाओं और हरियाणा सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) को इससे बाहर रखा गया है। तबादला प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने के लिए कर्मचारियों को सात श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। संरक्षित श्रेणी में सेवानिवृत्ति के निकट कर्मचारी, गंभीर बीमारियों से ग्रस्त कर्मचारी, 70 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग कर्मचारी तथा 10 वर्ष तक के सबसे छोटे बच्चे वाली विधवा महिला कर्मचारियों को विशेष संरक्षण दिया गया है। नई नीति में 120 अंकों की मेरिट प्रणाली लागू की गई है। इसमें आयु, अनुभव और विशेष परिस्थितियों के आधार पर अंक दिए जाएंगे। महिला कर्मचारियों, विधवा, तलाकशुदा, एकल अभिभावक, दिव्यांग बच्चों के अभिभावक तथा सैनिक एवं अर्द्धसैनिक बलों के जीवनसाथियों को अतिरिक्त अंक मिलेंगे। वहीं गंभीर अनुशासनात्मक दंड भुगत रहे कर्मचारियों के 10 अंक काटे जाएंगे। संरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों को सीधे 120 मेरिट अंक प्रदान किए जाएंगे। पूरी प्रक्रिया हरियाणा मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) से जुड़े ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से आठ चरणों में पूरी होगी। कर्मचारियों को ऑनलाइन अपील का अधिकार भी दिया गया है। नई नीति के तहत सामान्य तबादला अभियान वर्ष में केवल एक बार चलेगा, जबकि विशेष परिस्थितियों में मुख्यमंत्री की स्वीकृति से किसी भी समय तबादले किए जा सकेंगे।


## कब्जा सूचना

चूंकि, आईआईएफएल ने प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 (2002 का 54) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कर्जदार/सह-कर्जदार, गारंटरों, गिरवीकर्ताओं, जिनका विवरण नीचे तालिका में वर्णित है, का आह्वान करते हुए एक डिमांड नोटिस जारी किया और चूंकि तदोपरांत, आईआईएफएल-एचएफएल के पास प्रतिभूति रसीदों के धारकों के लाभ के लिए फीनिक्स ट्रस्ट-एफवाई 26-14 के ट्रस्टी के तौर पर इसकी क्षमता में कार्य करते हुए फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में "फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड" के तौर पर जानी जाती) को नीचे दी गई अचल सम्पत्ति सहित कर्जदार/गारंटर(ों) को आईआईएफएल-एचएफएल, बैंक द्वारा ऋण सुविधाओं के फलस्वरूप कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा भुगतानयोग्य और देय ऋणराशि के सम्बन्ध में असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांक 29 दिसम्बर 2025 के तहत इसके सभी अधिकार, टाइटल, हित और लाभ असाइन कर चुका है। इसलिए, उक्त असाइनमेंट के मद्देनजर, फीनिक्स अब आईआईएफएल-एचएफएल के स्थान पर स्थानापन्न माना जाता है और फीनिक्स उनके द्वारा प्राप्त को गई वित्तीय सुविधाओं के लिए कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित और बनाई गई प्रतिभूति हित और गारंटी के प्रवर्तन समेत वित्तीय दस्तावेजों के तहत अधिकार और लाभ अमल में लाने और कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) के विरुद्ध सभी और कोई भी कार्यवाही स्थापित करने/जारी रखने का हकदार होगा।

कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा उक्त राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि फीनिक्स का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथि को "जैसा है जहां है और जो भी है वहां है आधार पर" पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

| कर्जदार/सह-कर्जदार गारंटर का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती ककनदीप कौर, श्री विकास कुमार, (ऋण अकाउंट नं. : IL10687592) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- रिकार्ड नं. 3EQGPL53, वार्ड नं. 7, फतेहाबाद, रामदासिया मोहल्ला पुराना तहसील चौक, फतेहाबाद, हरियाणा, भारत-125050, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 708.10, 931.10, 791.00 | रु. 1548393/- (रुपये पन्द्रह लाख अड़तालीस हजार तीन सौ तिरानवे केवल) | 16/10/2025 | 23-06-2026 |
| श्री बिंदू पुत्र देसराज, श्रीमती गाखो बाई पुत्री जय राम पत्नी देसराज (ऋण अकाउंट नं. IL10788514) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- रतिया, तहसील रतिया, जिला फतेहाबाद, भारत-125051 में स्थित खेवट नं. 1524, खाता नं. 1943, खसरा नं. 200//24/1(4-11), 24/2(3-0), 25(7-4), किते 3 का भाग सम्पत्ति आई.डी. नं. 7XRD2CQ, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1208.80, 1192.40, 1013.50 | रु. 1565321/- (रुपये पन्द्रह लाख पैंसठ हजार तीन सौ इक्कीस केवल) | 17/10/2025 | 23-06-2026 |

कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि फीनिक्स सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(13) के तहत और ऊपर वर्णित अचल सम्पत्ति का कानूनी कब्जाधारी है, कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) अथवा कोई व्यक्ति, जो भी हो, इस सूचना की प्राप्ति के पश्चात फीनिक्स की लिखित पूर्व अनुमति के बिना अचल सम्पत्ति को बिक्री, लीज अथवा अन्य किसी तरीके से डील द्वारा/स्वत्व-अंतरण द्वारा हस्तांतरण नहीं करेंगे और अचल सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आकस्मिक व्यय, लागत, परिव्यय इत्यादि सहित उपरोक्त राशि पर अनुबंधात्मक दर पर भविष्य के ब्याज सहित उपरोक्त राशि के लिए फीनिक्स की वसूली के अधीन होगी। कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) का ध्यान उपरोक्त अचल सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 26.06.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

**फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड' के रूप में जानी जाती)**

CIN No.-U67190MH2007PLC168303 Website: www.phoenixarc.co.in पंजीकृत कार्यालय : तृतीय तल, वॉल्लेस टावर्स, 139/140/बी/1, सहर रोड और वेस्टर्न एक्सप्रैस हाई-वे का क्रॉसिंग, विले पार्ले ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र 400057. Tel: +91 02268492450.


# आठ आईएएस और दस एचसीएस का तबादला

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने बृहस्पतिवार देर रात प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 8 आईएएस तथा 10 एचसीएस अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियां की हैं। मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेशों के अनुसार कई महत्वपूर्ण विभागों और जिलों में अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

- आईएएस अधिकारी मोनिका मलिक को रोहतक मंडल का आयुक्त नियुक्त किया गया है। वह राजीव रत्तन का स्थान लेंगी
- प्रभजोत सिंह को महानिदेशक, राज्य परिवहन हरियाणा बनाया
- आईएफओएस अधिकारी एस नारायणन को महानिदेशक, पर्यावरण हरियाणा एवं पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग का सचिव नियुक्त किया गया
- वीरेंद्र कुमार दहिया को उच्चतर शिक्षा विभाग का निदेशक एवं विशेष सचिव तथा तकनीकी शिक्षा विभाग का निदेशक बनाया गया
- हिसार के जिला नगर आयुक्त नीरज को एचएसवीपी फरीदाबाद का प्रशासक और अतिरिक्त निदेशक, शहर संपदा फरीदाबाद नियुक्त किया गया
- फरीदाबाद नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा को नगर निगम करनाल की आयुक्त
- हितेश कुमार मीणा को उनके वर्तमान कार्यभार के साथ वित्त विभाग में अतिरिक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई
- प्रतीक्षारत आईएएस अधिकारी सी. जयशरधा को हिसार में जिला नगर आयुक्त, नगर निगम आयुक्त तथा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दायित्व
- एचसीएस अधिकारियों में कुशल कटारिया को अतिरिक्त नगर आयुक्त गुरुग्राम बनाया
- कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सीईओ पंकज कुमार को अतिरिक्त निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग तथा संयुक्त सचिव, शहरी स्थानीय निकाय विभाग का दायित्व
- डॉ. सुभाष चंदर को सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग (सेवा) में संयुक्त निदेशक और आतिथ्य विभाग में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) नियुक्त
- मानव मलिक को सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया
- मनीष कुमार यादव को एसडीएम गुहला
- गुरविंदर सिंह को एसडीएम पिहोवा की जिम्मेदारी सौंपी
- अर्पित गहलावत को जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी गुरुग्राम नियुकत किया
- सपना यादव को संयुक्त आयुक्त नगर निगम गुरुग्राम
- सुरेश को सिटी मजिस्ट्रेट करनाल नियुक्त किया

*सरकार ने आदेश में स्पष्ट किया है कि एचसीएस अधिकारी शशि वसुंधरा की नई तैनाती के संबंध में अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। यह प्रशासनिक फेरबदल तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।*

### मक्का की एमएसपी पर खरीद करे सरकार

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया है कि करनाल सहित प्रदेश की विभिन्न मंडियों में मक्का की आवक तेज होने के बावजूद अब तक सरकारी खरीद शुरू नहीं की गई है। इसके कारण किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी कम दाम पर अपनी उपज बेचनी पड़ रही है। हुड्डा ने कहा कि मक्का का एमएसपी 2410 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है, जबकि किसानों को बाजार में 1100 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल तक ही भाव मिल रहा है। सरकारी खरीद शुरू न होने के कारण किसान निजी एजेंसियों को फसल बेचने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हर फसली सीजन में सरकार की यही स्थिति रहती है।

# सूरजमुखी किसानों को राहत, 30 तक एमएसपी पर फसल खरीदेगी सरकार

चंडीगढ़। हरियाणा में सूरजमुखी बीज की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद को लेकर दायर जनहित याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सरकार के आश्वासन के बाद सुनवाई समाप्त कर दी। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियां अदालत में दिए गए अपने बयान से बंधी रहेंगी। सरकार ने अदालत को बताया कि 23 जून 2026 की शाम 5:25 बजे तक मंडियों में पहुंचे सूरजमुखी बीज की पूरी खरीद कर ली गई है और यदि कोई किसान 30 जून तक अपनी उपज लेकर आता है तो उसकी खरीद भी निर्धारित मानकों के अनुसार एमएसपी पर की जाएगी। जस्टिस विकास बहल और जस्टिस रमेश कुमारी की खंडपीठ के समक्ष दायर जनहित याचिका में मांग की गई थी कि सभी किसानों की सूरजमुखी फसल का लाइसेंस धारी आढ़तियों के माध्यम से एमएसपी पर तत्काल खरीद सुनिश्चित की जाए। साथ ही एमएसपी पर खरीद से इन्कार करने वाले आढ़तियों के खिलाफ कार्रवाई तथा खरीद अवधि बढ़ाने के भी निर्देश दिए जाएं।



■ हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई पर सरकार का आश्वासन

### गेस्ट टीचर के बेटे को केवी में एडमिशन देने के निर्देश

चंडीगढ़। हाई कोर्ट ने हरियाणा की एक गेस्ट टीचर के छह वर्षीय बेटे को केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश देने के मामले में अहम फैसला सुनाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदन पर नए सिरे से विचार करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि हरियाणा गेस्ट टीचर्स सर्विस एक्ट, 2019 के तहत अतिथि शिक्षकों की सेवा शर्तें विनियमित हैं और उन्हें केवल इस आधार पर नियमित सरकारी कर्मचारियों से अलग नहीं माना जा सकता कि वे गेस्ट टीचर हैं।जस्टिस कुलदीप तिवारी ने नूंह निवासी छह वर्षीय छात्र आशुतोष की याचिका का निपटारा करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिका बच्चे की मां और प्राकृतिक संरक्षक के माध्यम से दाखिल की गई थी। बच्चे ने केंद्रीय विद्यालय, नूंह में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन किया था।

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया 'जीवन गीत' का विमोचन



चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र सिंह कल्याण ने हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित एक समारोह में 'जीवन गीत' काव्य संग्रह का विमोचन किया। यह पुस्तक हरियाणा सरकार में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ. कृष्ण के. आर्य द्वारा लिखी गई है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि साहित्यकार समाज के मार्गदर्शक होते हैं, जो अपनी लेखनी के माध्यम से इतिहास का सृजन करते हैं और समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि साहित्यकार ही मानव समाज को प्राचीन इतिहास के छिपे रहस्यों से परिचित कराते हैं, जिससे समाज का उत्थान होता है और सरकार को भी मार्गदर्शन मिलता है।

### पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 28 जून से

चंडीगढ़। हरियाणा में आगामी पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य निदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 28 जून से शुरू होने वाले इस राष्ट्रव्यापी अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी हितधारकों और जिला अधिकारियों के साथ मिलकर तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक में राज्य के सभी सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी यूएनओ, और डीएमईओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अभियान को जमीनी स्तर पर पूरी तरह प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सरकारी विभागों और सामाजिक संस्थाओं ने भी बैठक में अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

# बंधुआ मजदूरी पर सख्त हुई सरकार शिकायत मिलते ही 24 घंटे में रेस्क्यू

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

■ 48 घंटे में जारी करना होगा रिलीज सर्टिफिकेट, पीड़ितों को मिलेगी तत्काल वित्तीय सहायता

हरियाणा में बंधुआ मजदूरी के मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी नए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य सरकार ने सभी उपायुक्तों, जिला मजिस्ट्रेटों, उपमंडल मजिस्ट्रेटों और संबंधित अधिकारियों को इसके तत्काल अनुपालन के निर्देश दिए हैं। नई व्यवस्था के तहत बंधुआ मजदूरी की शिकायत मिलने पर 24 घंटे के भीतर रेस्क्यू अभियान चलाना अनिवार्य होगा, जबकि पीड़ित के बंधुआ मजदूर पाए जाने पर 48 घंटे के भीतर रिलीज सर्टिफिकेट जारी करना होगा। श्रम विभाग के सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नए एसओपी के तहत प्रत्येक रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए बहु-विभागीय टीम गठित की जाएगी, जिसमें कार्यकारी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, श्रम विभाग के अधिकारी, महिला अधिकारी, स्वतंत्र गवाह, सामाजिक कार्यकर्ता और सतर्कता समिति के सदस्य शामिल होंगे। किसी अधिकारी की अनुपलब्धता के कारण रेस्क्यू अभियान नहीं रोका जा सकेगा। रेस्क्यू के दौरान पीड़ितों को तत्काल आरोपियों से अलग किया जाएगा और मौके पर प्रारंभिक जांच की जाएगी। मजदूरी रजिस्टर, मस्टर रोल, बैंक दस्तावेज, मोबाइल फोन, बंधुआ समझौते और अन्य साक्ष्य जब्त किए जाएंगे। साथ ही आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। नई व्यवस्था में मुक्त कराए गए श्रमिकों के पुनर्वास पर भी विशेष जोर दिया गया है। उन्हें एक सप्ताह के भीतर डीबीटी के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। जिनके पास आधार कार्ड या बैंक खाता नहीं होगा, उनके लिए प्राथमिकता के आधार पर काम होगा।

## साकेत ऑर्थोपेडिक अस्पताल में लिफ्ट का कार्य जल्द पूरा करवाने के निर्देश

चंडीगढ़। राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने पंचकूला स्थित मदर टेरेसा साकेत ऑर्थोपेडिक अस्पताल में लिफ्ट स्थापना कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों, विशेषकर दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और उनके परिजनों को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। लोक भवन, चंडीगढ़ में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को उनका लाभ शीघ्र मिल सके। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल द्वारा साकेत अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और अवसंरचना को मजबूत बनाने के लिए 1.50 करोड़ रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।


**पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम**
**जिला कैथल (हरियाणा)**

E-Mail : jnvkaithal9@gmail.com, Website : https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/KAITHAL/en/home/

**शुद्धि-पत्र**

पी.एम.श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, तितरम (कैथल) द्वारा दिनांक 25.06.2026 को "हरिभूमि" अखबार में प्रकाशित निविदा सूचना में बाल कटिंग, यूनिफार्म धुलाई व प्रैस, हलवाई, टॅक शाप (कैंटिन), दूध व दूध उत्पादों के अतिरिक्त सब्जी व फल की मुहरबंद निविदाएं भी आमंत्रित की जाती है। यद्यपि सभी शर्तें व नियम एंव तिथि यथावत रहेंगी।

प्राचार्य



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा पता : प्लॉट नं. 05, टीचर्स कॉलोनी, एटलस रोड, सोनीपत-131001
शाखा पता : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001
शाखा पता : प्लॉट नं. 45-46, प्रथम तल, सत करतार कॉम्प्लैक्स, 45, वजीर चंद कॉलोनी, मुगल कैनाल फाउंटेन चौक के सामने, करनाल-132001

निम्नलिखित कर्जदार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का पुनर्भुगतान करने में चूककर्ता बन चुके हैं और ऋणों को नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। प्रतिभूति हित अधिनियम-2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत उनके अन्तिम ज्ञात पतों पर उनको एक नोटिस जारी किया गया था, यद्यपि इसकी तामील नहीं हो पाई और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम/(ऋण अकाउंट नम्बर) और पता | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति / प्रवर्तित की जानी परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | भेजे गये नोटिस की तिथि / नोटिस की तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पूजा कुमारी पुत्र सुनील कुमार (कर्जदार), सुमित कुमार पुत्र सुरेश कुमार (सह-कर्जदार), मकान नं. 574, अकबरपुर बरोता, सोनीपत-हरियाणा-131103, LHSNP00001376714 | पूजा रानी के पक्ष में उषा रानी द्वारा निष्पादित सेल एग्रीमेंट दिनांक 27.07.2021 के अनुरूप तारा नगर, जिला सोनीपत-हरियाणा में स्थित मकान नं. 3/56 वाली सम्पत्ति माप 60 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : स्वयं का प्लॉट, दक्षिण : जय भगवान का मकान, पूर्व : गली रास्ता फीट 20'-चौड़ा, पश्चिम : स्वयं का प्लॉट। | 11-06-2026 रु. 15,06,867.94/- | 06-05-2026 |
| 2. | राहुल पुत्र रमेश शर्मा (कर्जदार), रमेश शर्मा पुत्र हर प्रसाद (सह-कर्जदार), 361/23, पाथर वाली गली, सोनीपत-131001, हरियाणा, LHSNP00001402393 | राहुल पुत्र रमेश के पक्ष में संतरा देवी द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 11660 दिनांक 25.01.2022 के अनुरूप आबादी आर्य नगर-सोनीपत के अंदर में स्थित सम्पत्ति आईडी - 21C384U35 वाली सम्पत्ति माप 105 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : मकान-धर्मबीर सिंह, दक्षिण : मकान सेवा जोगी, पूर्व : मकान-वीरेन्द्र, पश्चिम : गली। | 11-06-2026 रु. 14,34,649.89/- | 06-05-2026 |
| 3. | राहुल पुत्र रमेश शर्मा (कर्जदार), रमेश शर्मा पुत्र हर प्रसाद (सह-कर्जदार), 361/23, पाथर वाली गली, सोनीपत-131001, हरियाणा, LHSNP00001402394 | राहुल पुत्र रमेश के पक्ष में संतरा देवी द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 11660 दिनांक 25.01.2022 के अनुरूप आबादी आर्य नगर-सोनीपत के अंदर में स्थित सम्पत्ति आईडी - 21C384U35 वाली सम्पत्ति माप 105 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं -उत्तर : मकान-धर्मबीर सिंह, दक्षिण : मकान सेवा जोगी, पूर्व : मकान-वीरेन्द्र, पश्चिम : गली। | 11-06-2026 रु. 60,658.12/- | 06-05-2026 |
| 4. | सुमित्रा पत्नी स्व. श्री पवन कुमार आवेदक एवं कानूनी वारिस होने के नाते (कर्जदार), मृतक स्व. श्री पवन कुमार पुत्र धर्मपाल के कानूनी वारिस (सह-कर्जदार), गांव व डा. सागवान भिवानी-127040, हरियाणा, LHHIS00001320168 | सुमित्रा देवी पत्नी पवन कुमार के पक्ष में दस्तावेज नं. 1697 दिनांक 01.08.2018 के अनुरूप वाका मौजा तोशाम जिला भिवानी-हरियाणा में स्थित खेवट नं. 2440 खतौनी नं. 2967, खसरा नं. 259//1(8-0) में निहित सम्पत्ति माप 288 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। | 11-06-2026 रु. 4,20,673/- | 06-05-2026 |
| 5. | सुमित्रा पत्नी स्व. श्री पवन कुमार आवेदक एवं कानूनी वारिस होने के नाते (कर्जदार), मृतक स्व. श्री पवन कुमार पुत्र धर्मपाल के कानूनी वारिस (सह-कर्जदार), गांव व डा. सागवान भिवानी-127040, हरियाणा, LHHIS00001320169 | सुमित्रा देवी पत्नी पवन कुमार के पक्ष में दस्तावेज नं. 1697 दिनांक 01.08.2018 के अनुरूप वाका मौजा तोशाम जिला भिवानी-हरियाणा में स्थित खेवट नं. 2440 खतौनी नं. 2967, खसरा नं. 259//1(8-0) में निहित सम्पत्ति माप 288 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। | 11-06-2026 रु. 12,29,458/- | 06-05-2026 |
| 6. | अंकित कुमार पुत्र श्री सुभाष चंद (कर्जदार), अंजुल पुत्र सुभाष चंद (सह-कर्जदार), सुभाष चंद (सह-कर्जदार), मकान नं. 223, वार्ड नं. 7, दया नगर, तरावड़ी, करनाल, हरियाणा-132116 LHKNL00001393978 | अंकित कुमार पुत्र सुभाष चंद के पक्ष में पितमो देवी पत्नी राम कुमार द्वारा निष्पादित दस्तावेज 2992 दिनांक 15.01.2021 के अनुरूप आर्य स्कूल के निकट, राम नगर, घरौंडा, जिला करनाल-132116 में स्थित खेवट नं. 121, किते 5 रकबा जमाबंदी वर्ष 2015-2016 में निहित 23 कनाल 11 मरला भूमि का 4/471 हिस्सा अर्थात 4 मरला जो सम्पत्ति माप 121 वर्ग गज है, के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं -उत्तर : 48 फीट अन्य का प्लॉट, दक्षिण : 48 फीट अन्य का प्लॉट, पूर्व : 24 फीट गली, पश्चिम : 24 फीट अन्य का प्लॉट | 15-06-2026 रु. 7,26,458/- | 03-06-2026 |
| 7. | अंकित कुमार पुत्र श्री सुभाष चंद (कर्जदार), अंजुल पुत्र सुभाष चंद (सह-कर्जदार), सुभाष चंद (सह-कर्जदार), मकान नं. 223, वार्ड नं. 7, दया नगर, तरावड़ी, करनाल, हरियाणा-132116 LHKNL00001393979 | अंकित कुमार पुत्र सुभाष चंद के पक्ष में पितमो देवी पत्नी राम कुमार द्वारा निष्पादित दस्तावेज 2992 दिनांक 15.01.2021 के अनुरूप आर्य स्कूल के निकट, राम नगर, घरौंडा, जिला करनाल-132116 में स्थित खेवट नं. 121, किते 5 रकबा जमाबंदी वर्ष 2015-2016 में निहित 23 कनाल 11 मरला भूमि का 4/471 हिस्सा अर्थात 4 मरला जो सम्पत्ति माप 121 वर्ग गज है, के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं -उत्तर : 48 फीट अन्य का प्लॉट, दक्षिण : 48 फीट अन्य का प्लॉट, पूर्व : 24 फीट गली, पश्चिम : 24 फीट अन्य का प्लॉट | 15-06-2026 रु. 24,708/- | 03-06-2026 |
| 8. | जसवंत सिंह पुत्र ताराचंद के अन्य कानूनी वारिस (कर्जदार), वीरवती पत्नी जसवंत सह-आवेदक और मृतक श्री जसवंत सिंह के कानूनी वारिस होने के नाते (सह-कर्जदार), म. नं. 398, भट्टू रोड, निकट शिव मंदिर, शिव नगर, फतेहाबाद - 125050, हरियाणा, LHHIS00001302980 | जसवंत सिंह के पक्ष में देशराज पुत्र श्री भगवान दित्ता द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 2094 दिनांक 27.06.2005 के अनुरूप बस्ती बिवान फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में स्थित खसरा नं. 164//5 (7-11) में निहित भूमि 7 कनाल 11 मरला का 125/2718 हिस्सा जो 0 कनाल 6 मरला 8 सरसाई अर्थात सम्पत्ति माप 208.33 वर्ग गज है, के सभी भाग व हिस्से। | 20-06-2026 रु. 18,79,521/- | 03-06-2026 |
| 9. | ओम प्रकाश पुत्र भावर सिंह के अन्य कानूनी वारिस (कर्जदार), कृष्णा देवी पत्नी भावर सिंह सह-आवेदक और मृतक श्री ओम प्रकाश के कानूनी वारिस होने के नाते (सह-कर्जदार), वार्ड नं. 13, शिव नगर, हिसार-125001, NHHIS00001262926 | श्री ओमप्रकाश के पक्ष में रुक्मणि, कृष्णा देवी और मोनू द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 2521 दिनांक 19.06.2018 के अनुरूप शिव नगर हिसार में स्थित प्लॉट नं. 23, भूमि क्षेत्रफल 152.7 वर्ग गज का ¾ हिस्सा जो सम्पत्ति माप 114.57 वर्ग गज है, के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं -उत्तर : रोड, दक्षिण : रोड, पूर्व : नंद किशोर का मकान, पश्चिम : विरेन्द्र यादव का मकान। | 20-06-2026 रु. 11,85,821/- | 03-06-2026 |
| 10. | ओम प्रकाश पुत्र भावर सिंह के अन्य कानूनी वारिस (कर्जदार), कृष्णा देवी पत्नी भावर सिंह सह-आवेदक और मृतक श्री ओम प्रकाश के कानूनी वारिस होने के नाते (सह-कर्जदार), वार्ड नं. 13, शिव नगर, हिसार-125001, LHHIS00001302933 | श्री ओमप्रकाश के पक्ष में रुक्मणि, कृष्णा देवी और मोनू द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 2521 दिनांक 19.06.2018 के अनुरूप शिव नगर हिसार में स्थित प्लॉट नं. 23, भूमि क्षेत्रफल 152.7 वर्ग गज का ¾ हिस्सा जो सम्पत्ति माप 114.57 वर्ग गज है, के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं -उत्तर : रोड, दक्षिण : रोड, पूर्व : नंद किशोर का मकान, पश्चिम : विरेन्द्र यादव का मकान। | 20-06-2026 रु. 5,40,806/- | 03-06-2026 |

नोटिस की स्थानापन्न सेवा हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/ों और/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के अंदर बकाया राशि के भुगतान करने का परामर्श दिया जाता है अन्यथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 26 जून 2026 प्राधिकृत अधिकारी,
स्थान : सोनीपत, भिवानी, करनाल, फतेहाबाद, हिसार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## खबर संक्षेप



### हरियाणा में पहली बार बैरियर फ्री टोल शुरू, बिना रुके कटा टैक्स

**करनाल।** दिल्ली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर स्थित बस्ताड़ा टोल प्लाजा पर मल्टी लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) प्रणाली लागू होने के साथ ही टोल वसूली व्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश कर गई है। अब वाहन चालकों को टोल टैक्स देने के लिए न तो रुकना पड़ेगा और न ही बैरियर खुलने का इंतजार करना होगा। वाहन अपनी सामान्य गति से गुजरेंगे और टोल राशि स्वतः उनके फास्टैग या संबंधित खाते से कट जाएगी। नई व्यवस्था के लागू होने के बाद बस्ताड़ा टोल हरियाणा का पहला बैरियर-फ्री टोल प्लाजा बन गया है। एमएलएफएफ प्रणाली में सड़क के ऊपर विशेष गैन्ट्री स्ट्रक्चर लगाए गए हैं, जिनमें हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे, सेंसर, आरएफआईडी रीडर और ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन तकनीक लगी है। जैसे ही कोई वाहन इन उपकरणों के नीचे से गुजरेगा, सिस्टम नंबर प्लेट और फास्टैग की पहचान करेगा। इसके बाद टोल राशि स्वतः कट जाएगी।

### हांसी नप का कच्चा कर्मी रिश्वत लेते काबू, एक्सईएन पर भी केस

**हांसी।** स्टेट विजिलेंस ब्यूरो ने हांसी में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को टीम ने नगर परिषद के एक कच्चे कर्मचारी रवि को 16,500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस मामले में नगर परिषद हांसी के एक्सईएन विक्की कुमार को भी नामजद आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ता का करीब 11 लाख रुपये का ठेकेदारी का बिल बकाया था, जिस पर एक्सईएन विक्की के साइन होने थे।

रिश्तों का कत्ल | फरीदाबाद व करनाल में चार जगह बहाया अपनों का खून

# सौतेले पिता ने 3 साल के मासूम का गला घोंटा, नहीं मरा तो गला काटकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तीन वर्षीय मासूम बच्चे आदित्य की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि आदित्य की हत्या उसके ही सौतेले पिता ने की थी। आरोपी ने पहले बच्चे का गला घोंटा, जब इससे भी वह नहीं मरा तो रसोई से चाकू उठाकर उसका गला काट दिया। बच्चे की मां सुधा ने पहले पति के मौत के बाद रैपिडो राइडर सुशांत से लव मैरिज की थी। सौतेला पिता सुशांत बच्चे को पसंद नहीं करता था। इसी वजह से से मां सुधा ने बेटे को नाना-नानी के पास छोड़ दिया था। सुधा कभी-कभी बेटे से मिलने जाया करती थी, इसी बात को लेकर सुशांत अक्सर नाराज रहता था। 20 जून को भी सुधा बेटे से मिलने उसके नाना के घर आई थी। सुधा के बाद सौतेला पिता सुशांत भी यहां आ गया। 21 जून को बेटे को कमरे में अकेला पाकर सुशांत ने उसकी हत्या कर दी। मामले में एसीपी क्राइम वरुण कुमार दहिया का कहना है कि आरोपी सुशांत को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।



आदित्य। -फाइल फोटो

**नाना के पास रहता था बच्चा, वहीं की हत्या पुलिस ने काबू कर रिमांड पर लिया**

### शादी के 6 माह बाद पति की मौत, आरोपी से की लव मैरिज

सुधा का परिवार फरीदाबाद के एसजीएम नगर में रहता है। सुधा मूल रूप से यूपी के बलिया जिले की रहने वाली है। 2022 में सुधा की शादी बलिया निवासी शिवम से हुई थी। शिवम फरीदाबाद में ही एक कंपनी में काम करता था। शादी के करीब 6 महीने बाद ही बीमारी से उसकी मौत हो गई। इस समय सुधा गर्भवती थी। शिवम की मौत के बाद सुधा को एक बेटा हुआ। जिसका नाम आदित्य रखा। इसके बाद सुधा की जिंदगी में रैपिडो राइडर सुशांत आया। 2024 में दोनों ने लव मैरिज कर ली। सुधा के माता-पिता बच्चे आदित्य को लेकर दिल्ली बॉर्डर पर बनी शिवदुर्गा विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रहने लगे। सुधा बीच-बीच में यहां अपने बेटे से मिलने आती रहती थी, मगर सुशांत को सुधा का बच्चे से मिलना अच्छा नहीं लगता था। इसी बात को लेकर उनमें झगड़ा भी होता रहता था। इसी वजह से उसने हत्या को अंजाम दिया। हत्या के बाद सुशांत वापस अपने घर चला गया। सुशांत ने सुधा के सामने आदित्य की मौत पर जमकर आंसू भी बहाए। शक होने पर पुलिस ने सुशांत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ की तो उसने आदित्य की हत्या की बात स्वीकार कर ली।

### चरित्र पर शक में छह माह की गर्भवती पत्नी की बाल्टी में सिर डुबाकर हत्या

**फरीदाबाद।** एक युवक ने अपनी छह माह की गर्भवती पत्नी की मारपीट के बाद बाल्टी के पानी में डुबोकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने अपने चाचा को फोन कर इसकी जानकारी दी और फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीमें मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतका की पहचान नेहा कुमारी (23) पत्नी अमित गुप्ता निवासी पंचशील कॉलोनी के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, दोनों की शादी 30 अप्रैल 2025 को हुई थी। दोनों ने एक माह पहले ही पंचशील कॉलोनी में 15 लाख में खरीदे अपने नए मकान में गृह प्रवेश किया था। नेहा मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर की रहने वाली थी, जबकि उसका पति अमित उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले का निवासी है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि अमित ग्राफिक्स डिजाइनर है, जो दिल्ली के लाजपत नगर में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। मृतका के जीजा दिलीप कुमार के अनुसार, गुरुवार की सुबह नेहा अपने पति को नियमित रूप से काम पर जाने के लिए कह रही थी, लेकिन वह पांच दिन से काम पर नहीं जा रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि अमित ने गुस्से में आकर नेहा के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसने पहले चुन्नी से नेहा का गला दबाने का प्रयास किया और बाद में पानी से भरी बाल्टी में उसका सिर कई बार डुबोया, जिससे उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष ने कहा कि अमित अपनी पत्नी पर शक भी करता था।



## नशे के लिए पैसे नहीं मिले तो कांच की बोतल से बड़े भाई की ली जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

**मां को पैसे देने का विरोध कर रहा था बड़ा भाई**

शहर की एक रिहायशी कॉलोनी में नशे के लिए पैसे मांगने को लेकर दो भाइयों के बीच शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने बड़े के गले पर कांच की टूटी बोतल से हमला कर दिया। इसमें उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। मृतक की पहचान 28 वर्षीय कमल शर्मा के रूप में हुई है, जबकि हत्या का आरोप उसके छोटे भाई 27 वर्षीय कपिल पर लगा है। दोनों भाई समाना बहु गांव के रहने वाले बताए गए हैं और खेती-बाड़ी का काम करते थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि मंगलवार शाम करीब छह बजे कपिल अपनी मां से नशे के लिए पैसे मांग रहा था। इसी दौरान कमल भी वहां मौजूद था। जब बड़े भाई ने मां को पैसे देने से मना किया और कपिल को समझाने का प्रयास किया तो दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कपिल ने गुस्से में आकर कांच की बोतल तोड़ ली और उसके धारदार हिस्से से कमल के गले पर वार कर दिया। हमले में कमल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके शरीर से काफी खून बहने लगा। घटना के बाद परिजनों ने घायल कमल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

## जमीन के बंटवारे को लेकर पोते ने गोली मारकर दादा की हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

**अपनी मां के साथ अलग रहता था आरोपी**

बड़ा गांव में गुरुवार साढ़े 12 बजे पोते ने अपने 70 वर्षीय दादा की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। 12 एकड़ कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर उनमें विवाद चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी सोनू अपने दादा दर्शन सिंह को घर के पास बने बाड़े में लेकर गया। उसने वारदात से पहले ही वहां हथियार छिपाकर रखा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ देर तक दोनों के बीच कहासुनी होती रही। इसके बाद अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो दर्शन सिंह लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़े थे। उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जांच में सामने आया है कि हत्या के बाद आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव से निकल गया। बाद में उसने बुढ़ाखेड़ा के पास बाइक छोड़ दी और वहां से फरार हो गया। परिजनों के अनुसार दर्शन सिंह के पास लगभग 12 एकड़ कृषि भूमि थी। मृतक की बड़ी बेटी नारो देवी ने बताया कि परिवार की कुछ जमीन पहले ही अलग-अलग सदस्यों के नाम की जा चुकी थी, जबकि शेष भूमि को लेकर मतभेद बना हुआ था। परिजनों ने बताया कि आरोपी सोनू अपनी मां के साथ अलग मकान में रहता था।

चानौत पानी विवाद, सीएम से मिली कमेटी

# सीएम ने भाखड़ा लाइन से पानी देने को किया मना कानून के तहत संभव नहीं



**हिसार।** सीएम नायब सैनी से चंडीगढ़ मिलने पहुंची 11 सदस्यीय कमेटी।

- सीएम का आश्वासन-हर हाल में चानौत को देंगे पानी, हिसार दौरे पर आएंगे गांव
- ग्रामीण आज धरने पर महापंचायत में लेंगे फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

भाखड़ा पेयजल पाइपलाइन से टी-कनेक्शन की मांग पर 41 दिन से धरने पर बैठे चानौत गांव के ग्रामीणों की 11 सदस्यीय कमेटी गुरुवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ में मिली। सीएम ने स्पष्ट किया कि संबंधित पाइपलाइन से कनेक्शन देना कानून के तहत संभव नहीं है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि स्वच्छ पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी है, जिसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही उनका हिसार दौरा प्रस्तावित है। वह हिसार आने पर गांव चानौत भी आएंगे। सीएम ने दोहराया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

सीएम से मिलने के बाद 11 सदस्यीय कमेटी शाम को धरना स्थल पर पहुंची। धरना स्थल पर सीएम सैनी के साथ कमेटी की हुई वार्ता का ब्योरा ग्रामीणों के सामने रखा गया। कमेटी सदस्य अनूप चानौत ने बताया कि सीएम ने भाखड़ा पाइपलाइन से टी-कनेक्शन से देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही सीएम ने गांव में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। आंदोलन के दौरान हुए केस दर्ज वापस लेने पर भी सीएम ने सकारात्मक रूख दिखाया है। टी-कनेक्शन देने से इनकार करने की बात पर धरना स्थल पर मौजूद कई युवाओं ने आक्रोश दिखाया और कहा कि हमें तो टी-कनेक्शन ही चाहिए। शाम के समय धरना स्थल पर ग्रामीणों की संख्या कम होने के कारण धरना कमेटी ने कहा कि शुक्रवार सुबह गांव में महापंचायत होगी। इसमें सरकार के रूख को लेकर महापंचायत अंतिम निर्णय लेगी। अब सभी की निगाहें 26 जून को होने वाली महापंचायत पर टिकी है।

### सरकार दे चुकी यह दूसरा समाधान

इससे पहले शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, विधायक विनोद भयाना और आईजी कुलदीप सिंह के साथ ग्रामीणों की बैठकें हो चुकी हैं। सरकार ने साफ किया था कि अमृत-2 योजना के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन से गांव को कनेक्शन देना संभव नहीं है। सरकार ने ग्रामीणों के सामने जल जीवन मिशन के तहत खरकड़ी हेड या राजली हेड से चानौत के लिए अलग स्वतंत्र पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव रखा है। इस योजना में अलग बिजली लाइन, बिजली बाधित होने पर जनरेटर और 50 हॉर्स पावर की अतिरिक्त मोटर लगाने की बात कही गई है ताकि गांव को निर्बाध पेयजल मिल सके।

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनाई

## रोहतक जेल परिसर में बनेगा अनुभव केंद्र



**रोहतक।** एमडीयू में सेनानियों को सम्मानित करते मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में भाजपा ने 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में कार्यक्रम आयोजित कर आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय बताया। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता और राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ समेत कई नेताओं ने 100 से अधिक लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, संघर्ष और त्याग से प्राप्त लोकतंत्र को 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर कुचलने का प्रयास किया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि आपातकाल के दौरान रोहतक की जेल लोकतंत्र की लड़ाई का बड़ा केंद्र रही थी।

उन्होंने कहा कि इसी जेल में वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी और जयप्रकाश नारायण जैसे प्रमुख नेता बंद रहे थे, जो लोकतंत्र बचाने के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को आपातकाल की सच्चाई से अवगत कराने के लिए रोहतक जेल परिसर को अनुभव केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

सीएम ने लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

## आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और संविधान की रक्षा के लिए जिन लोकतंत्र सेनानियों ने अपना जीवन संघर्षों में बिताया, उनका त्याग और बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐसे काले अध्याय के रूप में दर्ज है, जब सत्ता के संरक्षण में पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में आपातकाल के काले अध्याय के 51 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सविंधान हत्या दिवस कार्यक्रम को संबंधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान हरियाणा के 1,564 लोगों समेत एक लाख से अधिक नागरिकों को जेलों में डाला गया व 253 पत्रकारों को गिरफ्तार किया। रोहतक में चल रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिक्षा वर्ग को भी आपातकाल लागू होने के बाद समय से पहले बंद करना पड़ा और संगठन के कार्यालयों को सील कर दिया गया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, मेयर श्याम लाल बंसल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**पंचकूला।** लोकतंत्र सेनानी को सम्मानित करते सीएम नायब सिंह सैनी।

## एचटेट अभ्यर्थी आज देख सकेंगे आवंटित शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

**नेत्रहीन व अशक्त को दिया जाएगा अतिरिक्त समय**



बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि नेत्रहीन/अशक्त अभ्यर्थियों को 20 मिनट प्रति घंटा के हिसाब से कुल 50 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र पहनने, बिन्दी व सिंदूर लगाने की ही छूट होगी। अन्य किसी प्रकार के आभूषण जैसे अंगूठी, चेन, बालियां इत्यादि ले जाने की स्वीकृति नहीं होगी। सिख अभ्यर्थियों को धार्मिक आस्था के चिह्न ले जाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि सभी उड़नदस्ते/ऑब्जर्वर द्वारा समय-समय पर जैमर, बायोमेट्रिक डाटा कैप्चरिंग, वीडियोग्राफी, सी.सी.टी.वी. कैमरों को चेक करना अति आवश्यक है।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 4 व 5 जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2025 के सुव्यवस्थित व नकल-विहीन संचालन के लिए बोर्ड मुख्यालय पर जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में प्रदेशभर में 2 लाख 33 हजार 294 अभ्यर्थी 383 परीक्षा केन्द्रों पर प्रविष्ट होंगे। 4 जुलाई को सायंकालीन सत्र में लेवल-3 की परीक्षा होगी, जिसमें 73,091 अभ्यर्थी तथा 5 जुलाई को प्रातःकालीन सत्र में लेवल-2 की परीक्षा में 1,19,141 अभ्यर्थी एवं सायंकालीन सत्र में लेवल-1 की परीक्षा में 41,062 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के अभ्यर्थी आज सायं से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपने आवंटित परीक्षा शहर की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने आगे बताया कि परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र बाद में जारी किए जाएंगे।

बोर्ड सचिव मुनीश शर्मा ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिला शिक्षा अधिकारी 3 से 5 जुलाई, 2026 तक अपने कार्यालय में एक-एक कंट्रोल रूम स्थापित करेंगे। इस कंट्रोल रूम पर जिला शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय के 1 अधिकारी, 2 सहायक/लिपिक तथा 1 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को नियुक्त करेंगे। कंट्रोल रूम पर नियुक्त अधिकारी बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम से सीधा संपर्क बनाए रखेंगे। नियुक्त किए गए अधिकारी/कर्मचारियों की सूची बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित नियंत्रण कक्ष में अवश्य भेजी जानी है।

"माहवारी स्वच्छता प्रबंधन" के अंतर्गत महत्वपूर्ण सूचना

महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के अंतर्गत
हरियाणा में 10 से 45 वर्ष की
BPL किशोरियों एवं महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु

नि:शुल्क सेनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने की सुविधा

सभी पात्र लाभार्थियों से अनुरोध है कि वे

- निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी सेनिटरी नैपकिन की मांग 31.07.2026 तक अवश्य दर्ज करें, http://117.251.82.30/mksy/
- अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र (AWC) पर संपर्क कर मांग प्रस्तुत करें

माताओं से विशेष अपील

अपने परिवार की किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करें एवं इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने हेतु प्रेरित करें।

निकटतम आंगनवाड़ी केंद्र पर आज ही संपर्क करें

मुख्य उद्देश्य

मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देना
सुरक्षित एवं सम्मानजनक प्रबंधन सुनिश्चित करना
जागरूकता के माध्यम से सामाजिक मिथकों को दूर करना

"स्वच्छता, सम्मान और सशक्तिकरण"

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# आरबीआई का ऐलान, फ्राड का शिकार होने वालों को मिलेगा 25,000 तक मुआवजा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। यूपीआई, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और कार्ड पेमेंट करने की वजह से साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में भी लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हर दिन हजारों लोग फर्जी लिंक, नकली कॉल, ओटीपी फ्रॉड और यूपीआई स्कैम का शिकार होकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।


ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को राहत देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब ऑनलाइन ठगी में पैसा गंवाने वालों को बड़ी राहत मिल सकती है। आरबीआई के नए नियमों के मुताबिक, पात्र ग्राहकों को साइबर फ्रॉड के नुकसान की भरपाई के लिए 25,000 रुपए तक की आर्थिक मदद दी जा सकती है। खास बात यह है कि कुछ मामलों में ग्राहक की छोटी गलती होने पर भी राहत मिलने की संभावना रखी गई है, बशर्ते वह समय पर शिकायत दर्ज कराए।

## ग्राहकों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया , नियम 1 जनवरी 2027 से लागू किया जाएगा

### कब से लागू होंगे नए नियम

आरबीआई ने इस व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है, लेकिन नियम का लागू होना 1 जनवरी 2027 से तय किया गया है। पहले इसे जुलाई 2026 से लागू करने की योजना थी, लेकिन बाद में इसे छह महीने आगे बढ़ा दिया गया। इसका मतलब है कि जनवरी 2027 के बाद होने वाले पात्र डिजिटल फ्रॉड मामलों में यह नियम लागू होगा।





*5 दिन के अंदर करना होगा शिकायत : आरबीआई के नए नियम में समय पर शिकायत दर्ज करना सबसे महत्वपूर्ण शर्तों में से एक है। यदि ग्राहक फ्रॉड होने के बाद पांच दिनों के भीतर बैंक या संबंधित संस्था को शिकायत दर्ज कर देता है, तो उसके मुआवजा पाने की संभावना काफी बढ़ जाती है। साइबर फ्रॉड का पता चलते ही ग्राहक को तुरंत बैंक हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करनी चाहिए।*

### इतना मिलेगा मुआवजा

आरबीआई के प्रस्ताव और अंतिम ढांचे के अनुसार पीड़ित ग्राहक को हुए नुकसान का 85 प्रतिशत तक या अधिकतम 25,000 रुपए तक मुआवजा दिया जा सकता है। यानी यदि किसी व्यक्ति के साथ 20,000 रुपए का फ्रॉड हुआ है तो उसे नियमों के अनुसार बड़ी राशि वापस मिल सकती है, जबकि 50,000 रुपए तक के नुकसान वाले मामलों में अधिकतम सीमा 25,000 रुपए रखी गई है। हालांकि यह मुआवजा सभी मामलों में नहीं मिलेगा। इसके लिए आरबीआई द्वारा तय शर्तों को पूरा करना होगा।

### ओटीपी शेयर करने से बचे

सिर्फ मुआवजे पर भरोसा करने के बजाय सावधानी बरतना सबसे जरूरी है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी किसी के साथ साझा न करें, स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करने से बचें और बैंक अधिकारी बनकर आने वाली कॉल्स पर भरोसा न करें। इसके अलावा अपने बैंक खाते और यूपीआआ ऐप में उपलब्ध सुरक्षा फीचर्स का इस्तेमाल जरूर करें।

### आरबीआई का नया नियम

इसके अनुसार यदि कोई ग्राहक ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड से जुड़े फ्रॉड का शिकार होता है और उसका नुकसान 50,000 रुपए तक है, तो उसे अधिकतम 25,000 रुपए तक की आर्थिक सहायता मिल सकती है। यह रूल खास तौर पर उन लोगों के लिए बनाया गया है जो छोटी रकम के साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं और अक्सर अपना पैसा वापस नहीं पा पाते।

## भारत के लिए स्थिति काफी अनुकूल, ऊर्जा संकट हुआ कम

# तेल के दाम युद्ध से पहले के स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने से पूर्व के स्तर पर आ गयी है। इससे महंगाई का खतरा कम होने, आयात बिल घटने और सरकार की वित्तीय स्थिति में सुधार के साथ दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कच्चा तेल आयातक भारत के लिए स्थिति काफी अनुकूल हो गयी है।

वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर लगभग 72-73 डॉलर प्रति बैरल, जबकि अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। इससे उस भू-राजनीतिक जोखिम के कारण बढ़ी हुई कीमत का असर खत्म हो गया है, जिसके कारण इस साल की शुरुआत में तनाव बढ़ने पर दाम 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था।

- ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर लगभग 72-73 डॉलर प्रति बैरल पहुंची
- अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आई
- भू-राजनीतिक जोखिम के कारण बढ़ी कीमत का असर खत्म हो गया

### दोनों में 7.50 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी

दोनों मानक अब फरवरी के आखिर के स्तर के करीब आ गए हैं। कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद बृहस्पतिवार को खुदरा ईंधन के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। हाल ही में वैश्विक स्तर पर तेल के दाम में तेजी के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

### डीजल की बिक्री से थोड़ा नुकसान हो रहा

*हालांकि, उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं ने अब तक पेट्रोल पंप पर कीमतें कम नहीं की हैं। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीन खुदरा ईंधन विक्रेता अभी पेट्रोल पर अच्छा विपणन मार्जिन कमा रहे हैं। हालांकि, डीजल की बिक्री से अब भी थोड़ा नुकसान हो रहा है।*




*आपूर्ति का पांचवां हिस्सा इसी मार्ग से : यह गिरावट होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर की आवाजाही सामान्य होने के बाद हुई है। इस रास्ते से दुनिया भर की तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा आता है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में इस जलमार्ग से कम से कम दो करोड़ बैरल तेल गुजरा है और आपूर्ति का प्रवाह युद्ध से पहले के स्तर के करीब पहुंच गया है।*

*कंपनियों ने ढाई महीने तक खुदरा कीमतें स्थिर रखी : कंपनियों ने वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद लगभग ढाई महीने तक खुदरा कीमतें स्थिर रखी थीं और उसके बाद ही कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी की थी। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतें अंतरराष्ट्रीय कच्चा तेल बाजार में रोजाना होने वाले उतार-चढ़ाव के आधार पर तय नहीं की जाती हैं, बल्कि आमतौर पर पिछले दो सप्ताह या महीने की औसत तेल कीमतों के आधार पर तय की जाती हैं।*

### जून में तेल की औसत कीमत 86.31 डॉलर प्रति बैरल रही

इस रास्ते से खाड़ी देशों से भारत जैसे देशों को तेल और गैस की आपूर्ति होती थी। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों के अनुसार, 24 जून को भारत में आयातित होने वाले कच्चे तेल की औसत कीमत 70.71 डॉलर प्रति बैरल थी। जून महीने के लिए, कच्चे तेल की औसत कीमत 86.31 डॉलर प्रति बैरल रही, जबकि फरवरी, 2026 में यह औसत 72.47 डॉलर प्रति बैरल थी।

## रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 94.39 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को 16 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.39 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, डॉलर की कमजोरी और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने भी रुपये को समर्थन दिया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी के कारण रुपये की बढ़त सीमित रही।

## दूरसंचार क्षेत्र में नई मंजूरी आधारित व्यवस्था लागू

**नई दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र में पुरानी लाइसेंस व्यवस्था को समाप्त कर उसकी जगह एक नई 'मंजूरी आधारित रूपरेखा' को लागू करने वाले नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने 'टेलीकॉम ई-सर्विसेज पोर्टल' को भी अधिसूचित किया है, जो दूरसंचार अधिनियम के प्रावधानों को डिजिटल रूप से लागू करने में सक्षम बनाएगा। दूरसंचार अधिनियम के तहत अधिसूचित नियमों में ''दूरसंचार (मुख्य दूरसंचार सेवाओं के प्रावधान के लिए मंजूरी) नियम, 2025'' शामिल हैं। ये नियम दूरसंचार कंपनियों को पुरानी लाइसेंस व्यवस्था से नए मंजूरी आधारित ढांचे में स्थानांतरित करते हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**जेम बिड के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु बिड आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई–बिडिंग के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0सं0 | बिड संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | GEM/2026/ B/7674729 | फायर एक्स्टिंगुइशेर | 25 नग | 23 जुलाई 2026 |

बिड शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी GeM वेबसाइट यानि https://gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल बिड स्वीकृत नहीं की जाएगी।
बिड संख्या – GEM/2026/B/7674729
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2202/26

**भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड**
**Securities and Exchange Board of India**

**कार्यपालक निदेशक के पद हेतु आवेदन**
**[संविदा (कॉण्ट्रैक्ट) / प्रतिनियुक्ति आधार पर]**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) एक सांविधिक निकाय है, जिसकी स्थापना संसद के अधिनियम के तहत की गई है। इसका उद्देश्य है- प्रतिभूतियों (सिक्यूरिटीज़) में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों का संरक्षण करना, प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) के विकास का उन्नयन करना तथा उसे विनियमित करना। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), संविदा (कॉण्ट्रैक्ट) / प्रतिनियुक्ति आधार पर, कार्यपालक निदेशक के एक (01) पद हेतु भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 25 जुलाई, 2026 है।

इस विज्ञापन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट (www.sebi.gov.in) देखें।

CBC-15204/11/0040/2627

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) (ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित गुर्जर पुत्र** रोहताश, **निवास:** म.नं. 29, रेड क्वाटर 49 कॉलोनी, मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्टस्, राई, सोनीपत, हरियाणा ने **FIR No. 97/2026 दिनांक 25.03.2026 U/s 69 भारतीय न्याय संहिता, थाना: वसंत कुँज उत्तर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमित गुर्जर** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमित गुर्जर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 97/2026 दिनांक 25.03.2026 U/s 69** भारतीय न्याय संहिता, **थाना: वसंत कुँज उत्तर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित गुर्जर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनिमेश कुमार
जेएमएफसी-02, कमरा नं. 32
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/8514/SW/2026
(Court Notice)

**राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय**
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था)
नई दिल्ली

**प्रविष्टियों के लिए आमंत्रण**

**26 वां भारत रंग महोत्सव, 2027**
**(भारत का अंतर्राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव)**

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय 26 वें भारत रंग महोत्सव 2027- भारत का अंतर्राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव (विश्व का सबसे बड़ा नाट्य महोत्सव) में भागीदारी के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है जो जनवरी, 2027 में नई दिल्ली और देश के अन्य शहरों तथा विदेश में आयोजित किया जाएगा।

भारत और विदेश दोनों के इच्छुक नाट्य समूहों, नाट्य संस्थानों, ड्रामा कंपनियों तथा नाट्य निर्देशकों से केवल ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र के लिए दिनांक 27 जून 2026 से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की वेबसाइट www.nsd.gov.in. पर जाएँ।

आवेदन भरने की अंतिम तिथि 27 अगस्त, 2026.

* आवेदन शुल्क –
- भारत एवं सार्क देशों के लिए: ₹250/-
- अन्य देशों के लिए: ₹500/-

पूछताछ : फोन : 011-23073647, 011-23031116
वेबसाइट : www.nsd.gov.in
CBC- 09130/11/0004/2627

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सोना 2,800 रुपये टूटा और चांदी 5,000 रुपये कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को बाज़ार की कमजोर मांग और सुस्त वैश्विक रुख के कारण सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी की कीमत भी 5,000 रुपये घट गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जो पहले 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत में भी गिरावट आई और यह 5,000 रुपये घटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई।



- सोना घटकर 1.45 लाख रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़कर 2,26,000 रुपए प्रति किलोग्राम

**वैश्विक बाजार में सराफा कमजोर** : पिछले सत्र में चांदी 2,31,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 21.15 डॉलर या 0.53 प्रतिशत घटकर 3,978.06 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी भी 0.56 प्रतिशत घटकर 57.10 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## कच्चे तेल के दाम में नरमी से बाजार में दूसरे दिन तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। कच्चे तेल के दाम में नरमी और वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ निवेशकों की धारणा मजबूत होने से वाहन, विमानन और बैंक शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 109 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 34 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 109.25 अंक की बढ़त के साथ 77,100.47 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 19 में गिरावट आई और 11 लाभ में रहे। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और एक समय 811.96 अंक यानी एक प्रतिशत और चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 77,803.18 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 34.35 अंक बढ़कर 24,056 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन में सबसे अधिक 4.82 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और भारती एयरटेल शामिल हैं।



- सेंसेक्स 109 और निफ्टी 34 अंक चढ़ा
- वाहन, विमानन और बैंक के शेयरों में रही खरीदारी

### एशिया के बाजार में रहा मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ के साथ बंद हुए। हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार में बुधवार को नरमी रही थी।

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## रेलवे बोर्ड ने वैगन डिज़ाइन नीति में बड़े सुधारों को लागू करने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली।** माननीय प्रधानमंत्री जी ने निरंतर इस बात पर बल दिया है कि देश में माल परिवहन का अधिकाधिक हिस्सा रेल के माध्यम से किया जाना चाहिए, क्योंकि यह परिवहन का एक अधिक हरित एवं ऊर्जा-कुशल साधन है। भारतीय रेल के लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के निकट पहुँचने के साथ, रेल-आधारित माल परिवहन में वृद्धि से देश की आयातित डीज़ल पर निर्भरता कम हुई है तथा पर्यावरणीय स्थिरता को भी बढ़ावा मिला है। केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की, जिसमें भारतीय रेल को विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के लिए माल परिवहन का पसंदीदा माध्यम बनाने हेतु सुधारों पर चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान रेल राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना एवं श्री रवनीत सिंह बिट्टू, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के महानिदेशक, रेलवे बोर्ड के सदस्य तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दिशा में भारतीय रेल विभिन्न उद्योगों, व्यापारिक संगठनों तथा प्रमुख माल ग्राहकों के साथ विस्तृत परामर्श कर रही है, जो अनेक ऐसी वस्तुओं से जुड़े हैं जिनमें रेल परिवहन की व्यापक संभावनाएं हैं।

**रेल मंत्री ने अगले 15 दिनों के भीतर नई वैगन डिज़ाइन नीति जारी करने के निर्देश दिए**



## शब्द पहेली - 6268




**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -6267 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | ■ | ■ | ■ | मु | का | ब | ला |
| मी | ■ | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | ■ | ज |
| श | ब | ■ | न | या | ■ | न | दी | ■ | जी | बा |
| न | र | क | ■ | न | म | क | ■ | ख | रा | ब |
| ■ | दा | म | न | ■ | जा | ■ | न | फा | ■ | ■ |
| ■ | न | ■ | ख | त | ■ | म | न | ■ | म | ■ |
| ■ | ■ | सा | रा | ■ | आ | ■ | द | म | न | ■ |
| अ | ना | र | ■ | र | स | म | ■ | त | ह | री |
| मा | ता | ■ | ल | क | ■ | सौ | त | ■ | र | त |
| न | ■ | ■ | च | म | क | दा | र | ■ | ■ | स |
| त | क | दी | र | ■ | ■ | ■ | ल | ल | का | र |



हादसे के बाद कार सवार करीब एक घंटे तक वाहन में फंसे रहे

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, चार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदसौर

मंदसौर में दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान महाराष्ट्र के औरंगाबाद निवासी सचिन गंगाधर, संदीप बोरसे, राजेंद्र कोवडे और रवींद्र काले के रूप में हुई है। अब्दुल खलील और उमर जागीरदार इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार रेनॉल्ट ट्राइबर कार में कुल छह लोग सवार थे और वे सभी दिल्ली मोबाइल इक्विपमेंट का सामान लेने जा रहे थे। तितरोद के पास उनकी कार हादसे का शिकार हो गई।

## मप्र के मंदसौर में ट्रक में घुसी कार

### तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसाः पुलिस



- राहगीरों ने कार में बाद फंसे लोगों का रेस्क्यू किया
- सभी औरंगाबाद के रहने वाले हैं

*हादसे के बाद कार में सवार लोग करीब एक घंटे तक वाहन में फंसे रहे। राहगीरों और अन्य वाहन चालकों ने राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची। बड़ी मशक्कत के बाद सभी घायलों और मृतकों को कार से बाहर निकाला गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और एक्सप्रेस-वे के निगरानी सिस्टम की मदद से ट्रक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। सीतामऊ थाना पुलिस की प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।*

मोहर्रम जुलूस के दौरान दहशतगर्दी

## उज्जैन में क्रेन पर वैन को लटकाकर किया धमाका

**उज्जैन (एजेंसी)।** आमतौर पर जुलूस और जलसों में सामाजिक सौहार्द की मिशालें पेश करती झांकी बनाई जाती है, लेकिन एमपी के उज्जैन जिले के बड़नगर में मोहर्रम जुलूस के दौरान दहशतगर्दी का नमूना पेश किया गया। जिसमें मारुती वैन में बम विस्फोट कर दो युवक झंडे फहराते नजर आए। वीडियो सामने आने के बाद उज्जैन पुलिस ने कार्यक्रम आयोजक शोएब खान, गाड़ी पर झंडे लहरा रहे तालीम खान और जाहिद खान, क्रेन मालिक गोपाल माली के खिलाफ बीएनएस की धारा 125, 285, 286, 287 के तहत केस दर्ज किया है। यह पूरी घटना बीती 23 जून की रात की है। उज्जैन से 50 किलोमीटर दूर बड़नगर के अडान मोहल्ले से निकले जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे, तभी जुलूस में एक वैन को क्रेन की मदद से करीब 40 फीट ऊंचाई पर लटकाया गया। वैन पर दो युवक खड़े होकर लाल झंडे लहरा रहे थे।

पत्नी के साथ वर्कआउट करते वक्त बिगड़ी तबीयत


# मोहाली के जिम में एक्सरसाइज करते चंडीगढ़ के युवक की मौत

एजेंसी ▶▶| मोहाली

मोहाली के जिम में चंडीगढ़ के युवक (23) की एक्सरसाइज करते समय मौत हो गई। लैग्स की एक्सरसाइज करते समय वह नीचे गिर पड़ा। घटना के वक्त उसकी पत्नी व दोस्त भी साथ में वर्कआउट कर रहे थे। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की पांच माह पहली की लव मैरिज की थी। पुलिस ने जिम के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद जिम पर सवाल उठ रहे हैं कि वहां कोई ट्रेनर था या नहीं। इस मामले में पुलिस का कहना है कि परिवार के बयान दर्ज कर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। अगर जिम मैनेजमेंट के लेवल पर लापरवाही बरती गई तो उसकी भी जांच की जाएगी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## 5 महीने पहले लव मैरिज की थी

### पत्नी-दोस्त के साथ मोहाली के जिम गया था



- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।
- मुकेश का एक भाई और चार बहने है, एक विदेश में रहती है वह भी विदेश जाने की तैयारी में था।

*पुलिस के मुताबिक चंडीगढ़ के सेक्टर-56 के रहने वाले मुकेश राजपूत मोहाली के फेज-3 स्थित जिम में वर्कआउट करने के लिए गए थे। बुधवार को इस दौरान जिम में उनके साथ पत्नी संध्या और दोस्त अमन भी गया था। इस दौरान तीनों एक्सरसाइज कर रहे थे। मुकेश और संध्या की इसी साल जनवरी महीने में लव मैरिज हुई थी। शादी को अभी केवल 5 महीने ही हुए थे। अचानक हुई इस घटना के बाद परिवार सदमे में है। पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मुकेश का एक भाई और चार बहन हैं। भाई बड़ा है, जबकि एक बड़ी बहन विदेश में रहती है। मुकेश भी विदेश जाने की तैयारी में था।*

## खबर संक्षेप

### एक्ट्रेस के घर मिला बिजनेसमैन का शव



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के राजा-राजेश्वरी नगर में कन्नड़ एक्ट्रेस कृषि थापांडा के घर पर वैशाख नाम के एक बिजनेसमैन ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। वह डिप्रेशन से जूझ रहे थे। यह घटना बुधवार रात करीब 8:30 बजे हुई, जब कृषि थापांडा येलाहंका गई हुई थीं। वैशाख पिछले एक हफ़्ते से घर पर रह रहे थे।

### कोलकाता गोदाम हादसे में मृतकों की संख्या 11 हुई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिणी कोलकाता के तारातला इलाके में एक गोदाम ढहने की घटना में जान गंवाने वालों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 11 हो गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना के करीब 24 घंटे बाद भी बचाव दल सेना की उन्नत 'ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार' प्रणाली की सहायता से मलबे को हटाने और तलाशी अभियान चला रहे हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन और नामांकन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक शिक्षक पोर्टल पर जाकर 10 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। पात्रता मानदंड और मूल्यांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।

### ईपीएफओ का पोर्टल 3 दिन के लिए बंद

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ एक बड़े सिस्टम माइग्रेशन के चलते अपने ऑनलाइन क्लेम प्रोसेसिंग पोर्टल को अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया है। जारी नोटिस के मुताबिक, मेंबर पोर्टल, एम्प्लॉयर पोर्टल और उमंग एप पर सेवाएं 26 जून 2026 की रात 12:00 बजे से 28 जून 2026 की रात 11:59 बजे तक बंद रहेंगी। ये सभी सेवाएं 29 जून 2026 से दोबारा सुचारू रूप से शुरू होंगी। इस अपग्रेडेशन के बाद यूजर्स को पहले से तेज और सुरक्षित सर्विस मिलेगी।

डिजिटल अरेस्ट के खिलाफ सीबीआई का छठा 'ऑपरेशन चक्र

# हरियाणा समेत 16 राज्यों में 80 से अधिक ठिकानों पर छापा, दो पकड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*साइबर अपराध खासकर डिजिटल अरेस्ट के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 'ऑपरेशन चक्र' का छठा चरण शुरू किया है, जिसके तहत गुरुवार को 16 राज्यों के 80 ठिकानों पर छापा मारा गया है। जांच एजेंसी ने इस जांच अभियान के लिए साठ टीमों का गठन किया था।*

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले शातिर चालबाजों के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ा एक्शन शुरू किया है। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र-6 के तहत 16 राज्यों में 80 से अधिक स्थानों पर समन्वित तलाशी अभियान चलाया और कथित तौर पर फर्जी कंपनियों और अवैध बैंक खातों के संचालन में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। सीबीआई की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 60 विशेष टीमों ने पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, कर्नाटक और ओडिशा में तलाशी अभियान चलाया।

एजेंसी ने बताया कि यह कार्रवाई 200 से अधिक डिजिटल गिरफ्तारी घोटाले के मामलों से कथित तौर पर जुड़े एक नेटवर्क को खत्म करने के उद्देश्य से चल रही जांच का हिस्सा थी। फर्जी कंपनियां बनाने और फर्जी बैंक खाते खोलने और संचालित करने में कथित संलिप्तता के आरोप में चेन्नई और कोलकाता से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

खबरों के मुताबिक, इन बैंक खातों का इस्तेमाल अपराध से प्राप्त संदिग्ध आय के रूप में लगभग 2 करोड़ रुपये की रकम को मनी लॉन्ड्रिंग करने के लिए किया गया था। सीबीआई ने यह भी बताया कि उसने हाल ही में एक फर्जी वेबसाइट का पर्दाफाश किया है जिसका यूआरएल भारत के सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट से मिलता-जुलता है। इस नेटवर्क ने सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दूसरे देशों के लोगों को भी ठगी का शिकार बनाया है। जांच में पता चला कि आरोपियों ने कथित तौर पर फर्जी और मनगढ़ंत दस्तावेज अपलोड किए थे।

**जांच में सुप्रीम कोर्ट जैसी फर्जी वेबसाइट, शेल कंपनियों, फर्जी बैंक खातों और करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन का खुलासा हुआ**






### क्या मिला

- मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य डिजिटल डिवाइस
- बैंक ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड, शेल कंपनियों से जुड़े दस्तावेज
- फर्जी पहचान पत्र और वित्तीय कागजात, साइबर ठगी से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक डेटा

### चेन्नई-कोलकाता से गिरफ्तारी

छापेमारी के दौरान सीबीआई ने चेन्नई से बी. नागेश (या बी. नरेश) और कोलकाता से संजीव साहा को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी कथित तौर पर शेल कंपनियां बनाने और 'म्यूल अकाउंट' यानी फर्जी बैंक खाते संचालित करने में शामिल थे। इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से हासिल रकम को अलग-अलग खातों में भेजकर उसकी असली पहचान छिपाने के लिए किया जाता था। अब तक करीब 2 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का पता चला है। बरामद सामग्री को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। एजेंसी इन डिजिटल सबूतों की मदद से नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

### सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री की शिकायत से खुला मामला

इस फर्जी वेबसाइट की शिकायत सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री की ओर से की गई थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की। एडवांस्ड फॉरेंसिक टूल्स और तकनीकी विश्लेषण की मदद से एजेंसी ने इस साइबर नेटवर्क के कई महत्वपूर्ण लिंक और ऑपरेशनल सिस्टम की पहचान की। जांच एजेंसी का कहना है कि, कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य डिजिटल अरेस्ट ठगी से जुड़े संगठित नेटवर्क को खत्म करना और उसके वित्तीय तंत्र को ध्वस्त करना है।

कक्षा 9वीं को पढ़ाया जाएगा

# अब एनसीईआरटी के सिलेबस में इमरजेंसी सेक्शन शामिल




मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनसीईआरटी यानी नेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग ने पहली बार कक्षा 9 की सामाजिक विज्ञान की किताब में 1975-77 की इमरजेंसी को शामिल किया है। नई किताब 'अंडरस्टैंडिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियॉन्ड' में इमरजेंसी को भारतीय लोकतंत्र के सामने आई सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया गया है। एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि कक्षा 9 की किताब में पहली बार इमरजेंसी पर अलग सेक्शन जोड़ा गया है। 'अंडरस्टैंडिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियॉन्ड- पार्ट 1' के 'इलेक्शंस' चैप्टर में चुनाव आयोग की तारीफ की गई है।

### इंदिरा सरकार के खिलाफ लोगों में नाराजगी बढ़ी

किताब में लिखा गया है कि 1970 के दशक की शुरुआत में इंदिरा गांधी सरकार के खिलाफ लोगों में नाराजगी बढ़ रही थी। बेरोजगारी, महंगाई और कुप्रबंधन के आरोपों के कारण कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए। इसके बाद जून 1975 में आंतरिक अशांति के आधार पर राष्ट्रीय इमरजेंसी लागू की गई। किताब के अनुसार, इस दौरान अधिकांश मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए, प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई और कई राजनीतिक नेताओं व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। पुस्तक में कहा गया है कि इस दौर में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बढ़ा और लोगों की स्वतंत्रता सीमित हो गई।

## एआर रहमान को 'एकेडमी ऑफ अचीवमेंट अवॉर्ड'



- 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की

**मुंबई।** ऑस्कर विजेता संगीतकार ए. आर. रहमान को वाशिंगटन में आयोजित एक समारोह में 'एकेडमी ऑफ अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। रहमान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की और प्रतिष्ठित फिल्मकार पीटर जैकसन से प्राप्त 'गोल्डन प्लेट' पुरस्कार की तस्वीरें भी पोस्ट कीं। उन्होंने कहा, ''आज शाम 'एकेडमी ऑफ अचीवमेंट अवॉर्ड' प्राप्त कर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं।'' वाशिंगटन स्थित गैर-लाभकारी संगठन 'द एकेडमी ऑफ अचीवमेंट' कला, विज्ञान, कारोबार और लोक सेवा जैसे क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करता है।

महाराष्ट्र में सियासी भूचाल

## उद्धव की बैठक से 23 विधायक नदारद, शरद पवार भी नहीं पहुंचे

एजेंसी ▶▶| मुंबई



महाराष्ट्र की राजनीति में एक और बड़े भूचाल के संकेत मिल रहे हैं। महा विकास अघाड़ी गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। बुधवार को गठबंधन की एक अहम रणनीतिक बैठक से 60 में से 23 विधायकों ने दूरी बना ली। इनमें शरद पवार जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

### बैठक से नदारद रहे ये दिग्गज नेता

बैठक मानसून सत्र के लिए रणनीति तैयार करने के मकसद से बुलाई गई थी, लेकिन इसमें कई बड़े नेता नहीं पहुंचे। कांग्रेस नेता नाना पटोले और विजय वडेट्टीवार भी बैठक से गायब रहे।

उप्र में भाजपा की नई टीम का ऐलान

## राजनाथ सिंह के बेटे नीरज समेत 19 को उपाध्यक्ष पर की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने 2027 विधानसभा चुनाव के लिए अपनी नई टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में 19 उपाध्यक्ष और आठ महामंत्री बनाए गए हैं। पंकज चौधरी की टीम में राजनाथ सिंह के बेटे नीरज सिंह की भी एंट्री हुई है। नीरज सिंह को यूपी भाजपा संगठन में उपाध्यक्ष बनाया गया है। नीरज सिंह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे बेटे हैं। नीरज सिंह के अलावा सपा की बागी विधायक पूजा पाल को भी उपाध्यक्ष बनाया गया है।

### ये उपाध्यक्ष बने

सुरेश राणा, सत्यपाल सैनी, ब्रज बहादुर, धर्मेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल, देवेश कोरी, प्रियंका रावत, दर्विविजय, रमेश सिंह, नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, पूजा पाल, शंकर गिरी, कामेश्वर सिंह, कृतिका अग्रवाल, सुरेश मौर्य, राजेश यादव, कृष्ण बिहारी राय और आलोक गुप्ता।

बड़ा विमान हादसा टला

# अहमदाबाद एयरपोर्ट पर टकराने से बचे 2 विमान

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अहमदाबाद एयरपोर्ट पर बुधवार शाम एक बड़ा विमान हादसा टल गया। एअर इंडिया और इंडिगो के दो विमान एक ही टैक्सीवे (रनवे का एक हिस्सा) पर आमने-सामने आ गए। हालांकि दोनों विमानों को समय रहते रोक लिया गया। सूत्रों के अनुसार, मुंबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट उड़ान भरने की तैयारी कर रही थी।

इसी दौरान मुंबई से अहमदाबाद पहुंची एअर इंडिया की फ्लाइट पार्किंग बे की ओर जाते समय गलती से गलत मोड़ ले बैठी और उसी टैक्सीवे पर पहुंच गई, जहां इंडिगो का विमान मौजूद था। दोनों विमानों के बीच करीब 200 मीटर की दूरी रह गई थी। बाद में एअर इंडिया विमान को टो करके सही पार्किंग बे तक ले जाया गया। इसके बाद इंडिगो विमान रनवे पर पहुंचा।

### पार्किंग के दौरान हुई गलतीः एअर इंडिया

एअर इंडिया ने कहा कि 24 जून को मुंबई से अहमदाबाद पहुंची फ्लाइट एआई-2493 लैंडिंग के बाद पार्किंग के दौरान अनजाने में गलत दिशा में मुड़ गई थी। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं हुआ। बाद में विमान को टो (खींचकर ले जाना) करके सही पार्किंग बे तक ले जाया गया।

### इंडिगो ने कहा- विमान हटाने के बाद रवाना हुए

इंडिगो ने बताया कि उसकी फ्लाइट 6ई-5160 अहमदाबाद से मुंबई रवाना होने के लिए टैक्सी वे पर आ रही थी। तभी दूसरी एयरलाइन का विमान गलत दिशा में आ गया। एयरलाइन के मुताबिक, दोनों विमानों को सुरक्षित दूरी पर रोक दिया गया। इसके बाद एयर इंडिया के विमान को हटाया गया और इंडिगो की उड़ान सुरक्षित रूप से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंच गई।

## अस्वीकृति बर्दाश्त नहीं कर पाते लड़केः मद्रास हाई कोर्ट



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए समाज और आज की युवा पीढ़ी की मानसिकता पर अहम टिप्पणी की है। अदालत ने कहा है कि युवा पीढ़ी रिजेक्शन स्वीकार नहीं कर पाती है। कोर्ट साल 2016 में कॉलेज की क्लास के अंदर अपनी क्लासमेट की हत्या के मामले की सुनवाई कर रहा था। इसमें उसकी सजा और आजीवन कारावास को बरकरार रखा गया है। मद्रास हाईकोर्ट ने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि कैसे कुछ पुरुषों में 'अस्वीकृति' बर्दाश्त न कर पाने की सनक सवार हो जाती है। इसी वजह से 2016 में एक युवा और होनहार महिला को अपनी जान चली गई।

विवादित वीडियो को लेकर किया दावा

# मान का नया पैतरा, मेरे चेहरे वाला मास्क पहनकर शूट किया वीडियो

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने एक विवादित वीडियो को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि वायरल हो रहा वीडियो असली नहीं है, बल्कि किसी बहुरूपिये ने उनके जैसा दिखने वाला सिलिकॉन मास्क पहनकर उनकी छवि खराब करने के लिए यह क्लिप शूट की है। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की गर्दन पर कोई निशान नहीं है, जबकि सीएम मान की गर्दन पर पिछली सर्जरी का एक स्पष्ट निशान मौजूद है। उन्होंने बताया कि वीडियो में दिखने वाले व्यक्ति की कद-काठी



और हाव-भाव उनसे बिल्कुल अलग हैं। मान ने एक व्यक्ति की तस्वीर भी दिखाई, जिसके हाथ में उनका हुबहू दिखने वाला मुखौटा था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह व्यक्ति कनाडा में है। यह पूरा विवादित वीडियो कनाडा के एबॉट्सफोर्ड के एक होटल के कमरे का बताया जा रहा है, जिसे लेकर सीएम ने साफ किया कि उन्होंने 2016 के बाद से कनाडा का दौरा नहीं किया।

### मान के खिलाफ मोहाली में लगे पोस्टर

***खरड़*** *। मोहाली के खरड़ शहर में गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ पोस्टर मिलने से हड़कंप मच गया। इन पोस्टरों में मुख्यमंत्री की तस्वीर पर क्रॉस का निशान बना था और उन पर लिखा था, भगवंत मान गुरु दोखी ते खालसा पंथ विरोधी है, संगत इसनू मुंह ना लाओ। ये पोस्टर चंडीगढ़-खरड़ फ्लाईओवर के नीचे, बस स्टैंड और आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर लगभग 3 किलोमीटर के दायरे में लगाए गए थे। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस हरकत में आई। डीएसपी खरड़ इशान सिंगला मौके पर पहुंचे ।*

Vi

## हमें बताएं

हमारी हमेशा यही कोशिश होती है कि आपको सबसे बेहतर सेवा दें. पर कभी किसी कारण अगर हमारी सेवाओं में आपको कोई कमी नज़र आए या फिर आपके मन में कोई सवाल उठे, तो आप हमसे अपनी बात कह सकते हैं. हम जल्द से जल्द उसे सुलझाएंगे.

**Vi केयर**
आप हमसे Vi केयर पर किसी भी दिन 24 घंटे संपर्क कर सकते हैं. हमें आपकी मदद करके खुशी होगी. किसी शिकायत या सर्विस के अनुरोध के लिए, हमारे कंज़्यूमर केयर नंबर 198 (टोल फ्री) पर कॉल करें. हमारे प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज़ की जानकारी के लिए, अपने Vi मोबाइल फ़ोन से डायल करें *199# और अपने अकाउंट की जानकारी के लिए जनरल इंफॉर्मेशन नंबर 199 (टोल फ्री) पर कॉल करें. आप किसी निजी सहायता के लिए हमारे कॉल सेंटर एक्ज़िक्यूटिव को कॉल कर सकते हैं. गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से Vi ऐप डाउनलोड करें और पाएं अपने अकाउंट से संबंधित जानकारी, प्लान्स, बिल पेमेंट्स के साथ और भी बहुत कुछ. हमसे जुड़ें 9654297000 पर वॉट्सऐप के ज़रिए और पाएं Vi अकाउंट, बेस्ट ऑफ़र्स पर अपडेट्स के बारे में जानकारी और काफ़ी कुछ.

**VAS डीएक्टिवेट करने की प्रक्रिया**
आप किसी भी सब्सक्राइब्ड वैल्यू ऐडेड सर्विसेज़ को IVR या SMS के द्वारा आसानी से डीएक्टिवेट कर सकते हैं:
- आप हमारे टोल फ्री नंबर 155223 पर डायल कर सकते हैं. भाषा चयन करने के बाद, सभी सब्सक्राइब्ड वैल्यू ऐडेड सर्विसेज़ की सूची के साथ डीएक्टिवेट करने के विकल्प सुनाई देंगे.
- इसके अलावा, डीएक्टिवेट करने के लिए SMS करें STOP 155223 पर. सभी सब्सक्राइब्ड वैल्यू ऐडेड सर्विसेज़ की सूची और साथ में रिटर्न SMS से विकल्प भेजने का अनुरोध SMS के द्वारा भेजा जाएगा. सर्विस 4 घंटे के अंदर डीएक्टिवेट कर दी जाएगी, जिसकी पुष्टि SMS के द्वारा भेजी जाएगी.

**इस्तेमाल नहीं करने की स्थिति में कंज़्यूमर के लिए सूचना**
- प्रीपेड कस्टमर्स द्वारा इस्तेमाल नहीं करने पर यानी लगातार 90 दिनों की अवधि तक कोई इनकमिंग/आउटगोइंग वॉइस या वीडियो कॉल, आउटगोइंग SMS, डेटा इस्तेमाल नहीं होने पर और ₹20 या अधिक का बैलेंस होने पर, Vi द्वारा ₹20 डेबिट किया जाएगा और ऑटोमैटिक नंबर रिटेंशन स्कीम (ANRS) के अंतर्गत इस्तेमाल नहीं करने की अवधि को 1 महीने के लिए बढ़ा दिया जाएगा.
- यह प्रक्रिया उस समय तक चलती रहेगी जब तक बैलेंस ₹20 से कम नहीं हो जाता. इसके बाद, नंबर को स्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा.
- कस्टमर डिस्कनेक्शन के 15 दिनों के अंदर ₹20 का भुगतान करके नंबर को फिर से एक्टिवेट करा सकते हैं.
- पोस्टपेड कस्टमर्स ₹150/3 महीने का मामूली चार्ज देकर अपने नंबर को अपने पास बनाए रख सकते हैं.

**अपीलेट अथॉरिटी से अपील**
यदि आप Vi केयर की कार्यवाही से ख़ुश नहीं हैं, तो आप हमारे अपीलेट अथॉरिटी- श्री निशांक गुप्ता, वीपी, कस्टमर सर्विसेस से हमारे कस्टमर सर्विस एजेंट के पास 198 (टोल फ्री)/9813090003 पर रजिस्टर करते हुए और शिकायत नंबर के साथ अपील कर सकते हैं या appellate.har@vodafoneidea.com पर ई-मेल कर सकते हैं या श्री निशांक गुप्ता, वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड, आदित्य बिरला समूह और वोडाफ़ोन समूह के बीच भागीदारी, (CIN – L32100GJ1996PLC030976), प्लॉट नं. 173, सेक्टर 3, HSIIDC इंडस्ट्रियल एरिया, करनाल, हरियाणा - 132001 को कृपया शिकायत समाधान के 30 दिनों के भीतर लिखें. हम जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास करेंगे.

जब भी आप अपनी शिकायत दर्ज करेंगे आपको SMS के द्वारा आपका डॉकेट नंबर और शिकायत सुलझाने में लगनेवाले वक़्त के बारे में सूचित किया जाएगा. अधिक जानकारी और नियम व शर्तों के लिए www.myvi.in पर लॉग ऑन करें.

**रजिस्टर्ड ऑफ़िस**
वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड, सुमन टॉवर, प्लॉट नं.18, सेक्टर 11, गांधीनगर-382011, गुजरात.
T: +91 79 6671 4000

Vi वेबसाइट: - www.myvi.in
8684000198

## चिंतन

# प्रकृति के सामने सब बेबस, तैयारी जरूरी

वेनेजुएला में आए बैक-टू-बैक भूकंप और भूस्खलन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि प्रकृति के प्रचंड प्रकोप के आगे मानव निर्मित आधुनिकता और तकनीक सब बेबस हैं। इस भीषण त्रासदी ने दिखा दिया है कि समूची मानव जाति प्रकृति की अनिश्चित और विनाशकारी शक्तियों के सामने कितनी असहाय है। सैकड़ों लोगों की मौत और हजारों के प्रभावित होने की खबरें बताती हैं कि आपदा प्रबंधन, भूकंपरोधी निर्माण और त्वरित राहत व्यवस्था कितनी महत्वपूर्ण है। इसलिए मानव जाति को प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाना बेहद जरूरी है। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए केवल राहत और बचाव पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पहले से तैयारियों, सुरक्षित निर्माण मानकों और जनजागरूकता को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उनकी विनाशलीला को बेहतर तैयारी और मजबूत व्यवस्थाओं से काफी हद तक कम जरूर किया जा सकता है। समस्या यह नहीं है कि ये आपदाएं आती हैं, बल्कि यह है कि इनके प्रति हमारी तैयारी कितनी है। अधिकांश मामलों में देखा गया है कि आपदा के बाद राहत और बचाव कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जाता है, जबकि आपदा से पहले की तैयारी अपेक्षाकृत कमजोर रहती है। यही कारण है कि प्राकृतिक घटनाएं कई बार बड़े मानवीय संकट में बदल जाती हैं। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। देश का एक बड़ा हिस्सा भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में आता है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर राज्य और पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन के लिहाज से जोखिम वाले क्षेत्रों में शामिल हैं। वहीं, हर वर्ष मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। हाल के वर्षों में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और केरल में आई प्राकृतिक आपदाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन और अनियोजित विकास इन खतरों को और बढ़ा रहे हैं। ऐसे में केवल आपदा आने के बाद सहायता पहुंचाना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि आपदा जोखिम को कम करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति अपनाई जाए। भूकंपरोधी भवन निर्माण को अनिवार्य बनाया जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नियंत्रण रखा जाए और स्थानीय समुदायों को आपदा से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाए। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी संस्थानों में नियमित मॉक ड्रिल आयोजित की जानी चाहिए, ताकि संकट की स्थिति में लोग घबराने के बजाय सही निर्णय ले सकें। दुनिया में जापान इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। जापान हर वर्ष अनेक भूकंपों और सुनामी की आशंका का सामना करता है, लेकिन वहां मजबूत भवन निर्माण मानकों, उन्नत चेतावनी प्रणाली और व्यापक जनजागरूकता के कारण जनहानि को काफी हद तक नियंत्रित किया जाता है। आपदा के बाद पुनर्वास और पुनर्निर्माण की उनकी क्षमता भी उल्लेखनीय है। भारत सहित अन्य देशों को इस अनुभव से सीख लेकर अपनी व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाना चाहिए। प्रकृति को पूरी तरह नियंत्रित करना संभव नहीं है, लेकिन उसके खतरों को कम करना जरूर संभव है। इसके लिए सरकार, वैज्ञानिक संस्थानों, स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। वेनेजुएला की त्रासदी केवल एक देश की समस्या नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है। यह हमें याद दिलाती है कि प्रकृति के सामने विनम्र रहना और हर समय तैयार रहना ही सबसे बड़ा बचाव है।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

# ईरान, होर्मुज और बदलती विश्व व्यवस्था

आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है। किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है।

विश्व राजनीति में शक्ति का अर्थ समय के साथ निरंतर बदलता रहा है। इतिहास के विभिन्न कालखंडों में शक्ति के मानक बदलते रहे हैं। कभी विशाल और अजेय सेनाएं किसी साम्राज्य या देश की ताकत का सबसे बड़ा प्रतीक मानी जाती थीं, तो कभी औद्योगिक क्रांति के बाद औद्योगिक उत्पादन और आर्थिक क्षमता को वैश्विक शक्ति का मुख्य आधार समझा गया। 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, विशेषकर शीतयुद्ध के दौर में, परमाणु हथियारों को सर्वोच्च शक्ति और संप्रभुता का प्रतीक माना जाने लगा। ऐसा माना जाता था कि परमाणु क्षमता से संपन्न देश ही वैश्विक व्यवस्था की दिशा तय कर सकते हैं। किंतु 21वीं शताब्दी के आगमन ने इन सभी पारंपरिक धारणाओं को पीछे छोड़ दिया है। आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है।

किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है। इस संकरे मार्ग का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे दुनिया के सबसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों का समुद्री निर्यात इसी मार्ग से होकर गुजरता है। वैश्विक कच्चे तेल की कुल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा रोजाना इस संकरे जलमार्ग से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है। इसके अलावा, तरल प्राकृतिक गैस के वैश्विक समुद्री व्यापार का भी एक बहुत बड़ा भाग इसी रास्ते से तय होता है। इसलिए होर्मुज केवल एक साधारण जलमार्ग नहीं है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन है। यदि इस मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है या तनाव बढ़ता है, तो उसका सीधा और तात्कालिक प्रभाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कीमतों, समुद्री परिवहन लागत, औद्योगिक उत्पादन और दुनिया भर के उपभोक्ता बाजारों पर दिखाई देने लगता है। इस पूरे परिदृश्य में ईरान की भौगोलिक स्थिति उसे इस क्षेत्र में एक विशिष्ट सामरिक महत्व प्रदान करती है। इस जलडमरूमध्य के उत्तरी तट पर ईरान का सीधा भौगोलिक प्रभाव है और इसी कारण वह लंबे समय से इस मार्ग को अपनी सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति के रूप में देखता रहा है। जब भी पश्चिमी देशों द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए या उसकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं की अनदेखी की गई, तब उसने बार-बार यह संकेत दिया कि वह होर्मुज में जहाजों के आवागमन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। कई अवसरों पर ईरान ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यह चेतावनी भी दी है कि यदि उसके राष्ट्रीय हितों को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया, तो वह इस मार्ग को पूरी तरह बंद करने अथवा यहां अतिरिक्त नियंत्रण स्थापित करने पर विचार कर सकता



है। यहीं से दुनिया के लिए एक नया भू-राजनीतिक संदेश निकलता है कि आधुनिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में भूगोल स्वयं एक बहुत बड़ी शक्ति है।

यदि किसी देश के पास कोई ऐसा विशिष्ट स्थान है जो वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति या सामरिक गतिविधियों के लिए अनिवार्य है, तो वह देश अपनी सीमित सैन्य या आर्थिक क्षमताओं के बावजूद वैश्विक मंच पर अत्यंत महत्वपूर्ण प्रभाव रख सकता है। ईरान दशकों से भारी आर्थिक प्रतिबंधों और राजनीतिक दबावों का सामना कर रहा है, लेकिन होर्मुज पर उसकी सामरिक स्थिति उसे विश्व राजनीति में लगातार प्रासंगिक और शक्तिशाली बनाए रखती है। यह स्थिति पारंपरिक शक्ति संतुलन को भी गंभीर चुनौती देती है। लंबे समय तक वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा कि बड़ी सैन्य और परमाणु शक्ति रखने वाले देश किसी भी क्षेत्रीय संकट का समाधान अपने पक्ष में करने में सक्षम होते हैं। होर्मुज का उदाहरण दिखाता है कि कठोर भौगोलिक वास्तविकताएं कई बार विशाल सैन्य शक्ति को भी सीमित कर देती हैं। यदि इस समुद्री मार्ग पर थोड़ा भी तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल एक क्षेत्र पर नहीं बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों को भी यहां किसी भी प्रकार की सैन्य कार्रवाई करने से पहले कूटनीति, समझौतों और क्षेत्रीय संतुलन का सहारा लेना पड़ता है। इसके साथ ही, ईरान की इस रणनीति ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के प्रश्न को एक बार फिर केंद्र में ला दिया है। ऊर्जा आधुनिक अर्थव्यवस्था की आधारशिला है जिसके बिना उद्योग, परिवहन, कृषि और संचार जैसे लगभग सभी क्षेत्र ठप हो सकते हैं। जब किसी ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग पर संकट की मामूली आशंका भी उत्पन्न होती है, तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतों में तेजी से उतार-चढ़ाव शुरू हो जाता है।

इससे दुनिया भर के निवेशकों में चिंता बढ़ती है और सरकारें वैकल्पिक व्यवस्थाओं की तलाश करने के लिए मजबूर हो जाती हैं। इस प्रकार एक सीमित क्षेत्रीय तनाव भी व्यापक वैश्विक आर्थिक अस्थिरता का कारण बन सकता है। इस परिस्थिति का प्रभाव केवल तेल उत्पादक या पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं रहता है। जापान, दक्षिण कोरिया, भारत और यूरोप के अनेक प्रमुख देश अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से पश्चिम एशिया के इसी मार्ग पर निर्भर हैं। यदि होर्मुज में कोई बाधा आती है तो इन विकासशील और विकसित देशों की ऊर्जा सुरक्षा सीधे प्रभावित होती है। यही कारण है कि दुनिया के तमाम राष्ट्र इस मार्ग को हमेशा खुला और सुरक्षित बनाए रखने के पक्षधर हैं। वे अच्छी तरह समझते हैं कि यहां उत्पन्न होने वाला कोई भी संकट उनके घरेलू आर्थिक हितों को सीधे चोट पहुंचाएगा। ईरान के इस व्यवहार से यह भी स्पष्ट होता है कि भविष्य की प्रतिस्पर्धा केवल हथियारों के संचय की नहीं होगी। बीते दशकों में परमाणु हथियारों के प्रसार को लेकर व्यापक चिंताएं व्यक्त की जाती रही हैं, लेकिन आज एक नई प्रवृत्ति उभरती दिखाई दे रही है, जिसमें देश उन स्थानों, संसाधनों और मार्गों पर नियंत्रण की तलाश कर रहे हैं जिनके माध्यम से वे संपूर्ण वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित कर सकें। इन्हें भू-राजनीति की भाषा में चोक प्वाइंट कहा जाता है, जहां से होकर व्यापार, ऊर्जा या संचार का बड़ा भाग गुजरता है। यदि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा को अक्षुण्ण रखना है, तो क्षेत्रीय देशों तथा बड़ी शक्तियों के बीच निरंतर संवाद और सहयोग आवश्यक होगा। अंततः, ईरान के व्यवहार से यही निष्कर्ष निकलता है कि 21वीं शताब्दी में शक्ति का स्वरूप बहुआयामी हो गया है, जहां भौगोलिक स्थिति, समुद्री मार्ग, संसाधन और ऊर्जा नेटवर्क ही भविष्य की विश्व राजनीति की दिशा तय करेंगे।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



पाक रक्षा बजट
डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव

# सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत करे भारत

पाकिस्तान की शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने वित वर्ष 2026-27 का बजट कुल 18.77 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये अर्थात 67.49 अरब डॉलर का पेश किया है। इस बजट में रक्षा बजट पर विशेष ध्यान दिया गया है, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने भारत तथा अफगानिस्तान के साथ चल रहे तनाव एवं अन्य सैन्य अभियानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अधिक रक्षा बजट की मांग की थी। शरीफ सरकार ने सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर की इस मांग को मानते हुए रक्षा बजट में 18 प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोत्तरी कर दी है। इस बढ़ोत्तरी के बाद पाकिस्तान का रक्षा बजट तीन ट्रिलियन अर्थात 3000 अरब रुपये हो गया है। वहां के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने नेशनल असेम्बली को बताया कि सरकार जुलाई से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में रक्षा बजट के लिए यह राशि आवंटित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अनिश्चितता के कारण देश को अजेय बनाने के लिए रक्षा खर्च में यह बढ़ोत्तरी सभी प्रांतीय सरकारों के साथ बातचीत के बाद की गई है। पाकिस्तान का रक्षा बजट पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है। 2021-22 में यह लगभग 1280 अरब पाकिस्तानी रुपये था। वहीं, 2025-26 में यह 2550 अरब पाकिस्तानी रुपये था। अब नई उल्लेखनीय वृद्धि का निर्णय ऐसे समय में लिया गया है, जब पाक गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विदेशी कर्ज और गरीबी जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। एक तरफ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सहारे चल रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने रक्षाबजट बढ़ाने का निर्णय लिया है। विदित हो कि पाकिस्तान वर्ष 2023 में डिफॉल्ट होने से बचने के बाद सात अरब डॉलर के आईएमएफ प्रोग्राम को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

विश्व बैंक तथा आईएमएफ जैसी संस्थाएं उसकी आर्थिक स्थिति को चुनौतीपूर्ण बताती हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब करोड़ों नागरिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हों तब रक्षा बजट का बढ़ाया जाना उचित नहीं लगता है, जबकि पाकिस्तान इस निर्णय के पीछे अपनी सुरक्षा चिंताओं, क्षेत्रीय रणनीतिक परिस्थितियों एवं सैन्य जरूरतों का हवाला देता है। सैन्य नेतृत्व का यह मानना है आर्थिक संकट तो अस्थायी है, लेकिन सुरक्षा कमजोर हुई तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। 1947 में हुए बंटवारे के बाद से अब तक पाक की रक्षानीति का सबसे बड़ा केन्द्र भारत ही रहा है और इसी के चलत उसने भारत के साथ 1947-48, 1965, 1971 एवं 1999 में संघर्ष किया और पराजित भी हुआ, लेकिन तनाव बनाए रखा। गत वर्ष की लड़ाई में मात खाना भी उसे अच्छी तरह से याद है। भारत में फैला आतंकवाद उसकी नीतियों की देन है। भारत की बढ़ती आर्थिक व सैनिक ताकत उसके लिए आज भी चिंता का विषय है। भारत लगातार अपनी आधुनिक मिसाइल प्रणालियां, आधुनिक लड़ाकू विमान, वायु रक्षाप्रणाली, ड्रोन एवं नौसैनिक ताकत का लगातार विकास कर रहा है। इस कारण पाकिस्तान अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत बनाए रखने और भारत के मुकाबले में बने रहने हेतु अपनी रक्षाशक्ति को आधुनिक बनाने के लिए रक्षाबजट में वृद्धि को जायज मानता है। भारत के अलावा अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान का संघर्ष जारी है। वहां पर तालिबान का शासन स्थापित होने के बावजूद पाक की सुरक्षा चिंताएं कम नहीं हुई हैं। दोनों देशों के बीच आए दिन संघर्ष होता रहता है। पाकिस्तान का आरोप है कि कुछ आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का उपयोग पाकिस्तान विरोधी गतिविधियों के लिए कर रहे हैं। इसीलिए सीमा सुरक्षा अभियानों पर खर्च बढ़ रहा है। पाकिस्तान को केवल बाहरी ही नहीं बल्कि आंतरिक सुरक्षाचुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अगर पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों, मिसाइल एवं ड्रोन जैसे क्षेत्रों में विकास करता है तो भारत को पाकिस्तानी सीमा पर अपनी निगरानी एवं सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत करना होगा। चीन और पाकिस्तान के बीच बढ़ता रणनीतिक सहयोग एक चिंता का विषय है क्योंकि दोनों देशों के बीच रक्षा तकनीक, हथियार प्रणालियां और संयुक्त रक्षा परियोजनाओं का विस्तार भारत के लिए दो मोर्चों की सुरक्षा तैयारी के लिए बाध्य करता है। रक्षा बजट की वृद्धि यदि पाकिस्तान की सैन्य क्षमता मजबूत करेगी तो भारत पर तत्कालिक खतरा भले ही कम हों, लेकिन दीर्घकालिक रणनीतिक चुनौती तो अवश्य बनेगी। साथ में देखना यह भी होगा कि आर्थिक तंगी के बीच पाकिस्तान का बढ़ा रक्षा बजट उसके लिए कितना लाभदायक सिद्ध होगा।

( लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

# मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहां से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते में जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी मे भर कर ले जाए। दोनो निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और सांस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बांटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुंचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बांटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुंच पाएंगे। दरअसल लालच ही वह बला है जिससे मनुष्य उबर नहीं पाता और जो इससे उबर जाता है अपनी मंजिल पा लेता हैं ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महिलाओं में बढ़ा तंबाकू का सेवन

देश में तंबाकू सेवन को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। विशेष रूप से महिलाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 13 राज्यों में महिलाओं द्वारा तंबाकू सेवन में वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव परिवार, बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। जिस समाज में महिलाएं परिवार की आधारशिला मानी जाती हैं, वहां उनका किसी भी प्रकार के नशे की ओर बढ़ना सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कई नई समस्याओं को जन्म देता है। तंबाकू चाहे किसी भी रूप में लिया जाए, वह शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। तंबाकू का सेवन छुड़वाना एक बड़ी चुनौती है।

*– प्रोमिला शर्मा, बहादुरगढ़*

## ट्रेंड

### भारतीय लोकतंत्र



'संविधान हत्या दिवस' हमें उस काले दौर की याद दिलाता है जब भारतीय लोकतंत्र को बेरहमी से कुचल दिया गया था। आपातकाल का विरोध करने वाले सभी महानुभावों को मेरा सादर नमन।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### सत्ता का अहंकार



सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार इस मुकाम पर पहुंच गई है कि अपने अधिकारों, निष्पक्ष परीक्षाओं और सुरक्षित भविष्य की मांग करने वाले छात्रों को ही शिक्षा मंत्री "आतंकवादी" कह रहे हैं। जिसकी नाकामी से इतने पेपर लीक हुए, वह आज पीड़ित बच्चों को "दहशतगर्द" बता रहा है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### चंपत राय की हिम्मत



चंपत राय ने प्रधानमंत्री को हिसाब देने से इनकार कर दिया है। उसने इतनी हिम्मत कहां से जुटाई? उसे कौन से राज़ पता हैं कि प्रधानमंत्री भी उनके सामने बेबस हैं? दूसरी तरफ, एसआईटी छोटे कर्मचारियों को तलब कर सबकी आंखों में धूल झोंक रही है।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### आवाजाही सुचारू



एनएच-44 पर कालीबाड़ी के पास रावी नदी और सेहर खड्ड पर बने दो अहम पुल, जो पिछले साल आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गए थे, उन्हें ठीक कर लिया गया है। इससे अमरनाथ तीर्थयात्रियों यात्रियों व सामान की आवाजाही सुचारू रूप से हो सकेगी।

- **मनोज सिन्हा,** एलजी, जम्मू-कश्मीर

## करंट अफेयर

# प्रतिबंध के बावजूद बच्चे कर रहे सोशल मीडिया का उपयोग


ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध लागू होने के छह महीने बाद भी 85 प्रतिशत से अधिक बच्चे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस कानून की सफलता का आकलन केवल इस आधार पर नहीं किया जाना चाहिए कि बच्चे अब भी इन मंचों तक पहुंच बना रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैसल की जनस्वास्थ्य शोधकर्ता कोर्टनी बार्नेस के नेतृत्व में किए गए और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि टिकटॉक, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्रतिबंधित सोशल मीडिया मंचों का उपयोग करने वाले बच्चों की संख्या में बहुत कमी नहीं आई है। शोधकर्ताओं ने 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग के 408 किशोरों पर सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण दिसंबर 2025 में कानून लागू होने से पहले और तीन महीने बाद किया गया। अध्ययन में 16 वर्ष की आयु सीमा से ठीक नीचे और उससे ऊपर के किशोरों की तुलना कर कानून के प्रभाव को अलग से समझने का प्रयास किया गया। अध्ययन के अनुसार, अनुवर्ती सर्वेक्षण के समय 16 वर्ष से कम आयु के 85 प्रतिशत से अधिक बच्चे अब भी प्रतिबंधित सोशल मीडिया मंचों का उपयोग कर रहे थे जिनमें से अधिकतर बच्चे अपने स्वयं के खातों के जरिए इन मंचों तक पहुंच रहे थे।



## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3 .8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ग्रुप बी में टॉप पर रहा स्विट्जरलैंड
# हारकर भी कनाडा नॉकआउट राउंड में

एजेंसी ▸▸ वैंकूवर

रुबेन वर्गास और योहान मंजांबी के गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने कनाडा को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप बी में पहला स्थान हासिल किया। कनाडा इस मैच में हार के बावजूद स्विट्जरलैंड के साथ अगले दौर में पहुंचने में सफल रहा। प्रॉमिस डेविड ने कनाडा के लिए मैच के आखिर में एक गोल किया। इससे कनाडा ने ग्रुप बी में स्विट्जरलैंड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। उसने पहली बार नॉकआउट राउंड में जगह बनाई। स्विट्जरलैंड दो जुलाई को वैंकूवर में राउंड ऑफ 32 में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना करेगा। स्विट्जरलैंड ग्रुप बी में सात अंक लेकर शीर्ष पर रहा, जबकि कनाडा ने चार अंक हासिल किए। बोस्निया-हर्ज़ेगोविना ने भी चार अंक हासिल किए लेकिन वह गोल अंतर के कारण तीसरे स्थान पर रहा।

### ग्रुप बी में बोस्निया से हारकर कतर टूर्नामेंट से बाहर

ग्रुप बी के दूसरे मैच में बोस्निया ने कतर को 3-1 से हराया और तीसरे स्थान के आधार पर अगले दौर में पहुंच सकता है। कतर टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। विश्व कप की शुरुआत में स्विट्जरलैंड कतर के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। इसके बाद उसने बोस्निया को हराया।विश्व कप में तीसरी बार हिस्सा ले रहे कनाडा ने बोस्निया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर विश्व कप की शुरुआत की थी।



### स्थानापन्न खिलाड़ी मंजांबी का बेहतरीन प्रदर्शन

बोस्निया के खिलाफ स्विट्जरलैंड की 4-1 की जीत में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे मंजांबी ने कनाडा के खिलाफ शुरुआती एकादश में जगह बनाई। दूसरे हाफ के शुरू होने के लगभग 40 सेकंड बाद ही वर्गास ने स्विट्जरलैंड के लिए पहला गोल दागा। उनका शॉट कनाडा के गोलकीपर मैक्सिम क्रेपेउ को चकमा देते हुए पोस्ट से टकराया और नेट में जा गिरा। इसके बाद 57वें मिनट में ब्रील एम्बोलो ने मंजांबी को क्रॉस दिया, जिनका शॉट क्रेपेउ के हाथों से निकलकर गोल में चला गया और स्विस टीम को 2-0 की बढ़त मिल गई। कनाडा ने 76वें मिनट में एक गोल करके वापसी की।

## विनीसियस के दो गोल से स्कॉटलैंड को हराकर ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा ब्राज़ील



**मियामी गार्डन्स।** विनीसियस जूनियर ने अपना जादुई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल किए जबकि मैथियास कुन्हा ने भी एक गोल दागा जिससे पांच बार के चैंपियन ब्राजील ने बुधवार को स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। ब्राज़ील ग्रुप सी में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक हासिल किए। मोरक्को ने भी सात अंक के साथ ग्रुप चरण के अपने अभियान का समापन किया लेकिन वह गोल अंतर के कारण ब्राजील के बाद दूसरे नंबर पर रहा। स्कॉटलैंड के तीन अंक हैं और वह तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ आठ टीम में जगह बनाकर अब भी अगले दौर में पहुंच सकता है। ज्ञात हो कि स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार विश्व कप में खेल रहा है। वह विश्व कप में कुल मिलाकर नौ बार भाग ले चुका है लेकिन कभी ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया है।

### विनीसियस ने तीनों ग्रुप मैचों में गोल किए

विनीसियस ने ब्राजील के तीनों ग्रुप मैचों में गोल किए। स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने सातवें मिनट में और फिर हाफ टाइम से ठीक पहले इंजरी टाइम में गोल किया। कुन्हा ने 60वें मिनट में गोल दागा। विनीसियस वर्तमान टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे के चार गोल की बराबरी पर आ गए। अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने अभी तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल किए हैं।

## दक्षिण कोरिया को हराकर पहली बार नॉकआउट राउंड में पहुंचा द.अफ्रीका



**ग्वाडालूप (मैक्सिको)।** थापेलो मासेको के गोल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार रात को दक्षिण कोरिया पर 1-0 से रोमांचक जीत हासिल करके पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मासेको ने त्शेपांग मोरेमी के सटीक क्रॉस पर 63वें मिनट में गोल किया। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ग्रुप ए में मैक्सिको के बाद दूसरे स्थान पर रहा। मैक्सिको ने ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को नॉकआउट मुकाबले में कैलिफोर्निया के इंगलवुड में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली कनाडा की टीम से भिड़ेगी। दक्षिण अफ्रीका 1998, 2002 में और मेजबान के रूप में 2010 में ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में असफल रहा था।

## मैक्सिको ने पहली बार जीते ग्रुप चरण के तीनों मैच

**मैक्सिको सिटी।** माटेओ शावेज़ और जूलियन क्विनोन्स ने दूसरे हाफ की शुरुआत में छह मिनट के अंतराल में गोल किए जिससे मैक्सिको ने चेक गणराज्य को 3-0 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। मैक्सिको पहले ही नॉकआउट राउंड में अपनी जगह पक्की कर चुका था लेकिन उसने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शान से अगले दौर में कदम रखा। चेक गणराज्य केवल एक अंक ही हासिल कर पाया और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया। अपने पहले विश्व कप में खेल रहे 22 वर्षीय शावेज़ ने 55वें मिनट में पहला गोल किया और क्विनोनेस ने 61वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल दागा। अल्वारो फिडाल्गो ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में मैक्सिको के खाते में एक गोल और जोड़ा। मैक्सिको का इससे पहले ग्रुप चरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो जीत और एक ड्रॉ का था, जो उसने 1986 और 2002 में हासिल किया था। ग्रुप ए का विजेता बन चुका मैक्सिको मंगलवार को एज़्टेका स्टेडियम में राउंड-ऑफ-32 के मैच में एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलेगा जिसका अभी तक निर्धारण नहीं हुआ है।




## मोरक्को की हैती पर जीत में चमके रहीमी और यासीन




**अटलांटा।** सोफियान रहीमी और गेसिम यासीन ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरकर शानदार खेल दिखाया जिससे मोरक्को ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हैती को 4-2 से हराकर कैरेबियाई देश की विश्व कप फुटबॉल में पहली बार अंक हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मोरक्को इस तरह से ब्राजील के समान सात अंक लेकर ग्रुप सी में दूसरा स्थान हासिल करके नॉकआउट राउंड में पहुंचा। ब्राजील ने बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। हैती ने अपने तीनों मैच गंवाए और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। पांच बार की चैंपियन ब्राजील ने एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड को 3-0 से हराया।

### मोरक्को ने पिछड़ने के बाद की वापसी

चार साल पहले कतर में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बनी मोरक्को ने 52 वर्षों में पहली बार फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर खेल रही हैती की टीम के खिलाफ दो बार पिछड़ने के बाद वापसी की। रहीमी ने 78वें मिनट में मोरक्को को 3-2 से आगे कर दिया और यासीन ने 89वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-2 कर उलटफेर की किसी भी संभावना को खत्म कर दिया।

## कतर के असीम मदीबो पर पांच मैच का प्रतिबंध

**अटलांटा।** कतर के खिलाड़ी असीम मदीबो पर विश्व कप में कनाडा के मिडफील्डर इस्माइल कोने के पांव में फ्रैक्चर करने के लिए बुधवार को पांच मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया। वैंकूवर में पिछले बृहस्पतिवार को खेले गए मैच के दौरान यह घटना घटी। कनाडा ने इस मैच में कतर को 6-0 से करारी शिकस्त दी थी। मदीबो को गलत तरीके से टैकल करने के लिए तुरंत ही लाल कार्ड दिखाया गया था। फीफा की अनुशासनात्मक समिति ने अब उनका प्रतिबंध पांच मैच तक बढ़ा दिया है। समिति ने कहा है कि ऐसा अनुचित खेल के लिए किया गया है। इस फैसले के खिलाफ अपील की जा सकती है। कोने को तब स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया और बाद में उनके बाएं पैर की टूटी हुई हड्डी की सर्जरी की गई। विश्व कप के दौरान घटी घटना के लिए यह सबसे बड़ी सजा नहीं है। ब्राजील में 2014 में खेले गए विश्व कप में उरुग्वे के स्ट्राइकर लुई सुआरेज़ को इटली के डिफेंडर जियोर्जियो चिएलिनी को काटने पर नौ मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया था।



## खबर संक्षेप



### फीफा ट्रॉफी की कीमत चार साल में दोगुने से अधिक

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर खेल जगत की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर भी दिखाई दे रहा है जहां फीफा विश्व कप ट्रॉफी में मौजूद सोने का मूल्य बढ़कर लगभग 7.13 लाख डॉलर ( लगभग 6.73 करोड़ रुपये) पहुंच गया है। वित्तीय बाजार डेटा प्रदाता एलएसईजी के मुताबिक यह आंकड़ा 2022 विश्व कप के समय की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। विश्व कप ट्रॉफी 18 कैरेट सोने से निर्मित है और इसका कुल वजन 6.175 किलोग्राम है जिसमें लगभग 4.93 किलोग्राम शुद्ध सोना शामिल है। जब अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में आयोजित विश्व कप जीता था तब ट्रॉफी के सोने का मूल्य लगभग 2.77 लाख डॉलर आंका गया था।

### कोच राष्ट्रीय रिकॉर्ड पर ध्यान देने को कहते हैं: देव

**भुवनेश्वर।** मध्य प्रदेश के पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव मीना ने पिछले दो वर्षों में पांचवीं बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा है और उन्होंने इस शानदार उपलब्धि का श्रेय अपने कोच को दिया जो उनसे हर प्रतियोगिता में अपना स्तर बढ़ाने के लिए कहते थे।



बुधवार को यहां राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देव ने 5.46 मीटर की ऊंचाई पार करके अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड (5.45 मीटर) तोड़ा। पिछला रिकॉर्ड उन्होंने बीते महीने रांची में फेडरेशन कप के दौरान अपने राज्य के साथी और ट्रेनिंग साझेदार कुलदीप कुमार के साथ साझा किया था। देव ने कहा, ''मैं राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने का श्रेय अपने कोच (घनश्याम यादव) को देना चाहता हूं। जब भी मैं किसी प्रतियोगिता में जाता हूं तो वह मुझे नेशनल रिकॉर्ड पर ध्यान देने के लिए कहते हैं।''

## आयरलैंड के खिलाफ टी-20 मैच आज वैभव होंगे टीम में तो कौन होगा बाहर ?

**बेलफास्ट।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत जब आयरलैंड के खिलाफ आज शुक्रवार को शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने नए युग की शुरुआत करेगा तो उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती क्रिकेट जगत की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में फिट करना होगा। 15 वर्षीय सूर्यवंशी ने श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में 29 गेंद पर 94 रन की तूफानी पारी खेली थी जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। आम क्रिकेट प्रेमी यही चाहता है कि सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिले लेकिन टीम प्रबंधन के लिए यह काम आसान नहीं होगा। भारत और आयरलैंड के बीच ये मुकाबला आज 26 जून को बेलफास्ट के सिविल सर्विस क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे से शुरू होगा। भारत के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन हैं। उनके टी20 रिकॉर्ड को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मार्च में आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में मिली जीत में सैमसन, अभिषेक और किशन ने अर्धशतक बनाए थे।



# भारत ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया

## महिला टी-20 विश्व कप: शेफाली का तूफानी अर्धशतक



एजेंसी ▸▸ मैनचेस्टर

**सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम, राधा को 3 विकेट**

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की 34 गेंदों में 53 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने महिला टी20 विश्व कप में बृहस्पतिवार को बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं। भारतीय टीम की क्षेत्ररक्षण एक बार फिर निराशाजनक रही और खिलाड़ियों ने कई आसान मौके गंवाए, लेकिन बल्लेबाजों ने 137 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए 16.5 ओवर में जीत हासिल कर ली। बांग्लादेश को आठ विकेट पर 136 रन पर रोकने के बाद भारत ने 16.5 ओवर में पांच विकेट पर 139 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद दबाव में उतरी भारतीय टीम को लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने स्पिन और तेज गेंदबाजों दोनों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 63 रन तक पहुंचा दिया। शेफाली ने महज 29 गेंद में इस विश्व कप का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि नौवें ओवर में असामान्य तरीके से स्टंप आउट हो गई। नाहिदा अख्तर की गेंद पर अंदरूनी किनारा लगने के बाद उन्होंने एक रन लेने की कोशिश की, लेकिन विकेटकीपर ने गेंद पकड़कर गिल्लियां बिखेर दी। बीच के ओवरों में रनगति कुछ धीमी पड़ी, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स ने 15 गेंदों पर 26 रन की तेज पारी खेलकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया।

## इंग्लैंड महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में

**लंदन।** मेजबान इंग्लैंड ने भीषण गर्मी के बीच बुधवार को लॉर्ड्स में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज को 38 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इन दोनों टीम ने टूर्नामेंट में इससे पहले कोई मैच नहीं गंवाया था।

- **वेस्टइंडीज को दी 38 रन से शिकस्त**

इंग्लैंड ने 35 डिग्री सेल्सियस के तापमान में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 186 रन बनाए जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम पांच विकेट पर 148 रन ही बना पाई। इंग्लैंड की तरफ से डैनी व्याट-हॉज ने 42 गेंदों में 65 रन जबकि हीथर नाइट ने 26 गेंद पर 43 रन बनाए। व्याट-हॉज ने टूर्नामेंट में अब तक 193 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। उसकी तरफ से चिनैल हेनरी ने 30 गेंदों में नाबाद 51 रन बनाए। अगर वेस्टइंडीज शनिवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में आयरलैंड को हरा देता है, तो वह सेमीफाइनल में पहुंच सकता है।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम दौरे पर जाएगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम अगले महीने बेल्जियम के दौरे पर जाएगी जहां वह मेजबान बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ छह मैच खेलेगी। यह दौरा टीम के नए कोच फ्रेडरिक सोयेज के मार्गदर्शन में इस साल के आखिर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप की तैयारी का अहम हिस्सा होगा। इस दौरे में भारतीय टीम ऑस्ट्रिया और बेल्जियम के खिलाफ दो-दो मैच और जर्मनी तथा नीदरलैंड के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। सात से 17 जुलाई 2026 के बीच खेले जाने वाले इन छह में से पांच मैच बेल्जियम के वावरे में स्थित बेल्फियस हॉकी एरिना में होंगे जबकि नीदरलैंड के खिलाफ दौरे का आखिरी मैच एंटवर्प के हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा।

### भारत के अभियान की शुरुआत 7 से

*भारत अपने अभियान की शुरुआत सात जुलाई को ऑस्ट्रिया के खिलाफ करेगा और आठ जुलाई को इसी टीम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगा। इसके बाद भारतीय टीम 10 जुलाई को मेजबान बेल्जियम का सामना करेगी और फिर 13 जुलाई को जर्मनी और 14 जुलाई को दोबारा बेल्जियम से खेलेगी। नीदरलैंड के खिलाफ दौरे का आखिरी मैच 17 जुलाई को खेला जाएगा।*

## डूरंड कप 25 जुलाई से, 24 टीमें दिखाएंगी दमखम, फाइनल 23 अगस्त को

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप का अगला सत्र 25 जुलाई से शुरू होगा और इसका फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस 138 साल पुराने टूर्नामेंट में 24 टीम हिस्सा लेंगी जिनमें दो विदेशी टीम भी शामिल हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है। मैच पांच शहरों कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, इम्फाल और शिलांग में खेले जाएंगे। रांची को पहली बार मेजबान शहर के तौर पर शामिल किया गया है।



### भारतीय सेना की पूर्वी कमान करती है आयोजन

मैच छह स्थलों पर खेले जाएंगे। कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन और किशोर भारती क्रीड़ांगन मुकाबलों का आयोजन करेंगे। रांची का बिरसा मुंडा स्टेडियम, गुवाहाटी का इंदिरा गांधी एथलेटिक्स स्टेडियम, इम्फाल का खुमान लम्पक स्टेडियम और शिलांग का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम अन्य आयोजन स्थल होंगे।

## एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में टीम का शानदार प्रदर्शन

# भारतीय पुरुष फॉइल टीम ने एशियन गेम्स के लिए किया क्वालिफाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में भारतीय पुरुष फ़ॉइल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन गेम्स के लिए सीधा क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया। टीम प्रतियोगिता में भारत आठवें स्थान पर रहा, जो आगामी एशियाई खेलों में जगह बनाने के लिए पर्याप्त साबित हुआ।

**पुरुष फ़ॉइल टीम ने दिलाया क्वालिफिकेशन :** सचिन, सनासम हेमाश सिंह, तेजस मनोज पाटिल और आदित्य की भारतीय चौकड़ी ने पुरुष फ़ॉइल टीम स्पर्धा में आठवां स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशियन गेम्स के लिए सीधे क्वालिफाई कर लिया, जो भारतीय तलवारबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।



### महिला एपी टीम नौवें स्थान पर रही

*महिला एपी टीम में प्राची लोहान, तनिष्का खत्री, मितवा जेसंगभाई चौधरी और यशकीरत कौर हायर शामिल थीं। भारतीय टीम ने प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन करते हुए नौवां स्थान हासिल किया।*

***जापान और दक्षिण कोरिया का दबदबा :*** *पुरुष फ़ॉइल टीम स्पर्धा में जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हांगकांग को रजत और चीन को कांस्य पदक मिला। वहीं महिला एपी टीम प्रतियोगिता में दक्षिण कोरिया ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन दूसरे और कजाकिस्तान तीसरे स्थान पर रहा।*

### ओलंपिक चैंपियनों ने भी बिखेरा जलवा

दक्षिण कोरिया के ओलंपिक चैंपियन ओह सांग-उक ने पुरुष व्यक्तिगत और टीम सेबर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। दूसरी ओर, हांगकांग के दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेउंग का लॉन्ग पुरुष फ़ॉइल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए, जो टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर रहा।

**34 देशों के 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा :** छह दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 34 से अधिक देशों के 400 से ज्यादा तलवारबाजों ने फ़ॉइल, एपी और सेबर स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। जापान ने छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

# तन्वी और श्रीकांत यूएस ओपन के अगले दौर में



एजेंसी ▸▸ फुलर्टन (अमेरिका)

विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने आसान जीत के साथ यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। तन्वी ने बुधवार को महिला एकल के पहले दौर में जर्मनी की यवोन ली को 23-21, 21-16 से, जबकि थाईलैंड मास्टर्स की मौजूदा चैंपियन देविका सिहाग ने पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो को 21-14, 21-14 से हराया।

### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

पुरुष एकल में भारतीय खिलाड़ियों के बीच खेले गए मैच में रौनक चौहान ने एस शंकर मुथुसामी को 23-21, 21-16 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने भी हमवतन डी सानीथ के खिलाफ केवल 30 मिनट में 21-14, 21-12 से जीत हासिल की। महिला एकल में रक्षिता श्री ने भी चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा पर 21-15, 21-8 से आसान जीत हासिल करके अगले दौर में प्रवेश किया। ध्रुव रावत और के मनीषा की जोड़ी ने मिश्रित युगल में इंडोनेशिया के विरावण इहसान आदम और सेरेना कानी को महज 26 मिनट में 21-15, 21-16 से हराया।




## वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप से चारों ओर मची तबाही

# राजधानी कराकास से 1700 किमी दूर ब्राजील तक में महसूस हुए झटके

एजेंसी ▶▶ कराकस

वेनेजुएला में 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंपों से तबाही मच गई। 39 सेकेंड के अंदर राजधानी कराकस की ऊंची इमारतें मलबे के ढेर में बदल गईं। भूकंप ने कुछ ही सेकेंड में हजारों लोगों की जिंदगी बदल दी। कई परिवारों ने अपनों को खो दिया, सैकड़ों लोग घायल हुए और बड़ी संख्या में लोगों को घर छोड़ना पड़ा। इस तबाही के बीच कई भावुक और दिल दहला देने वाले दृश्य सामने आए।

कोई मलबे से सुरक्षित निकलने के बाद अपनी बेटी को गले लगाकर रो पड़ा, तो कई लोगों ने जान जोखिम में डालकर पालतू जानवरों को बचाया। यह वेनेजुएला में पिछले 100 साल से भी अधिक समय में आया सबसे विनाशकारी भूकंप है।

### युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चल रहा

### 100 साल से भी अधिक का विनाशकारी भूकंप

मां की ममता



कराकस में सुरक्षित रहने पर एक मां अपने बच्चे को गले से लगाते हुई

जमीदोज हुई उम्मीदें



कराकस में भूकंप से कई इमारतें मलबों में तब्दील हो गईं, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई

**ब्राजील में लोग सुरक्षित रहे**

इसके झटके इतने तेज थे कि वेनेजुएला की राजधानी काराकास से करीब 1,700 किलोमीटर दूर ब्राजील के अमेजन क्षेत्र तक की इमारतें हिल गईं और लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फिलहाल प्रभावित इलाकों में मलबे के नीचे दबे लोगों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है।

जिंदगी बचाने की कवायद



कराकास के एक अस्पताल में भूकंप प्रभावित लोग

स्लैब की चपेट में



ला गुआरा में स्लैब के नीचे दबे व्यक्ति के पांव, पूरा धड़ मलबे में दबा

## वैज्ञानिकों की चेतावनी यूएस में आ सकता है शक्तिशाली भूकंप

भू वैज्ञानिकों ने अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में भूकंप की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि साउथ में सैन एंड्रियास-सैन जैसिंटो फॉल्ट लाइनों पर पड़ रहा दबाव अपने चरम पर पहुंच चुका है।

■ **फिजिक्स बेस्ड मॉडल से यह अध्ययन किया गया**

पिछले 1000 साल से इन लाइनों पर दबाव पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि दोनों फॉल्ट्स की आपस में टकराने के बाद विनाशकारी भूकंप आ सकता है। अगर ऐसा होता हुआ तो सैन एंड्रियास और सैन जैसिंटो फॉल्ट लाइन के बीच स्थित लॉस एंजिल्स शहर धरती में समा जाएगा। यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई और यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के विशेषज्ञों ने लाइनों पर अध्ययन किया है। फिजिक्स-बेस्ड मॉडल से यह अध्ययन किया गया है। इसमें वैज्ञानिकों ने 1000 ईस्वी से साल 2026 तक इन लाइनों पर पड़ने वाले दबाव का पता चलाया है। अध्ययन में पता चला है कि लॉस एंजेलिस और रिवरसाइड शहरों की जमीन के नीचे लावा धधक रहा है, जिसके कारण धरती गर्म हो रही और दबाव बढ़ता जा रहा है।

**व्यापार समझौते को लेकर भारत का सख्त रुख**

## भारत को फायदा होगा तभी करेंगे यूएस से ट्रेड डील : पीयूष गोयल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और अमेरिका एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के 'बहुत करीब' हैं। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने यह साफ कर दिया कि भारत इस समझौते पर तभी हस्ताक्षर करेगा जब उसे अपने व्यापारिक प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले कोई प्रतिस्पर्धी बढ़त मिलेगी। एक समाचार न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, लंदन में गोयल ने कहा कि बातचीत काफी हद तक पूरी हो चुकी है। दोनों पक्ष 6 फरवरी से ही समझौते की बारीकियों पर काम कर रहे हैं। बाकी बातचीत इस बात पर केंद्रित है कि प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत को टैरिफ के मामले में बेहतर स्थिति मिले।

गोयल ने कहा कि जिस दिन अमेरिका हमें प्रतिस्पर्धी बढ़त देने के लिए सही तरीके ढूंढ लेगा, उस दिन समझौता हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बात पर बातचीत चल रही है कि अमेरिका भारत को जरूरी कानूनी ढांचा और तंत्र कैसे दे सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारतीय निर्यात प्रतिद्वंद्वी देशों के निर्यात की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी बना रहे। हम अमेरिका के साथ तब तक किसी समझौते में शामिल नहीं हो सकते जब तक कि तुलनात्मक बढ़त वाला ढांचा अंतिम रूप नहीं ले लेता। गोयल के अनुसार, भारत यह सुनिश्चित करना चाहता है कि प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत उसे अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बढ़त मिलती रहे। मंत्री ने संकेत दिया कि समझौते की मुख्य रूपरेखा महीनों पहले ही तय हो गई थी। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका समझौता 6 फरवरी को हुआ था।

### पीएम मोदी से मुलाकात के बाद अमेजन के सीईओ एंडी जेसी बड़ा ऐलान


# भारत में 48 अरब डॉलर निवेश करेगी कंपनी एआई, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर भारत में कंपनी की दीर्घकालिक निवेश योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान अमेजन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में वर्ष 2026 से वर्ष 2030 तक 48 अरब डॉलर का कुल नियोजित निवेश करने की घोषणा की। मुलाकात के बाद एंडी जेसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भारत में अमेजन की भविष्य की योजनाओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों में प्रस्तावित 48 अरब डॉलर के निवेश में 21 अरब डॉलर से अधिक राशि एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर खर्च की जाएगी।

> एंडी जेसी के अनुसार, अमेजन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत में 38 लाख रोजगार अवसरों का समर्थन करना, 80 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाना तथा 1.5 करोड़ छोटे व्यवसायों और 40 लाख सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों तक एआई के लाभ पहुंचाना है

- भारत में रोजगार और डिजिटल सशक्तिकरण का लक्ष्य
- छोटे व्यवसियों और स्कूलों तक एआई का लाभ पहुंचेगा




पीएम मोदी से मुलाकात करते अमेजन के सीईओ एंडी जेसी

### युवाओं के लिए पैदा होंगे अवसर: पीएम

*पीएम मोदी ने गुरुवार को भारत में अमेजन के 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत किया और कहा कि इससे देश युवाओं के लिए अवसर पैदा होंगे। साथ ही, यह पूरी दुनिया की भारत में निवेश करने को लेकर रुचि को दिखाता है। पीएम मोदी ने लिखा कि एंडी जेसी के साथ बैठक शानदार रही। मैं भारत में अमेजन के रिकॉर्ड 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत करता हूं।*

## भारत ने बांग्लादेश के लिए शुरू की टूरिस्ट वीजा सेवा, दे सकेंगे आवेदन

**ढाका।** भारत ने लगभग दो साल बाद बांग्लादेशी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा सेवा फिर से शुरू करने का फैसला किया है। भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने गुरुवार को घोषणा की कि 28 जून से बांग्लादेश के पांच वीजा आवेदन केंद्रों के जरिए सामान्य टूरिस्ट वीजा आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) में घोषणा करते हुए दिनेश त्रिवेदी ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि टूरिस्ट वीजा के लिए सामान्य आवेदन प्रक्रिया दोबारा शुरू की जा रही है। इसके तहत रविवार 28 जून 2026 से आवेदन जमा किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मानवीय आधार पर मेडिकल वीजा की सुविधा पहले की तरह जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि शुरुआती चरण में ढाका, राजशाही, चटगांव, सिलहट और खुलना स्थित पांच वीजा केंद्रों से टूरिस्ट वीजा जारी किए जाएंगे।



■ पांच केंद्रों से शुरू होगी सेवा

## खान सर के कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचे छात्र

**पटना।** मुसल्लहपुर स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज कैंपस में खान ग्लोबल स्टडिज के पास लगे बिजली पैनल में शॉर्ट सर्किट से अफरातफरी मच गई। चिंगारी के कारण कैंपस में धुआं भर गया। संस्थान प्रबंधन के स्टाफ और दमकल कर्मियों की मुस्तैदी से समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के वक्त कैंपस में भारी संख्या में छात्र मौजूद थे। बिजली पैनल खान ग्लोबल स्टडीज के बिल्कुल पास ही स्थित था, जहां से चिंगारी उठने के बाद धुआं फैलने लगा। धुएं के गुबार को देख परिसर में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। प्रबंधन ने क्लास में मौजूद सभी छात्रों और कर्मचारियों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला। शुरुआत में आग लगने की अफवाह फैली थी, लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि बिजली पैनल में शॉर्ट सर्किट के कारण केवल धुआं फैला था, कोई बड़ी आग नहीं लगी थी। मामले की जानकारी मिलते ही कदमकुआं थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार, शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट को ही इस घटना की वजह माना जा रहा है। फायर विभाग की टीम पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है, ताकि सुरक्षात्मक पहलुओं का आकलन किया जा सके।

## खाड़ी से भारत के लिए बड़ी राहत, एलपीजी एलएनजी लेकर निकले

# 30 भारतीय जहाजों ने पार किया होर्मुज, 26 कतार में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद से वैश्विक व्यापार के लिए सबसे संवेदनशील माने जाने वाले समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर गहरा असर पड़ा था। हालांकि, अब इस मार्ग से राहत की खबर आ रही है। जहाजरानी मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक युद्ध की शुरुआत के बाद से भारत आने वाले कुल 30 व्यावसायिक जहाज होर्मुज को सुरक्षित रूप से पार कर चुके हैं। वहीं 26 अन्य जहाज अभी भी इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते को पार करने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।



होर्मुज की खाड़ी में जहाज

**सेना के अधिकारी का वाहन रोका**

## थाने में की मारपीट, कमांडिग ऑफिसर समेत 40 जवानों पर एफआईआर दर्ज

एजेंसी ▶▶ जम्मू



जम्मू कश्मीर पुलिस ने किश्तवाड़ जिले में एक थाने में घुसकर पुलिसकर्मियों पर हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में सेना के एक कमांडिंग ऑफिसर सहित कई सैन्य कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सेना ने गुरुवार (25 जून 2026) को कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है और संयुक्त जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आसमान में उड़ती स्वदेशी आंख दुश्मन की गतिविधि पर रखेगी नजर

### सभी जरूरी परीक्षणों और मानकों को पूरा किया

# ऑपरेशन सिंदूर को ताकत देने वाली 'नेत्रा' अब पूरी तरह ऑपरेशनल हुई

◆ नेत्रा प्रमाणित रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

देश की सुरक्षा को नई ताकत देने वाली 'नेत्रा' अब पूरी तरह ऑपरेशनल हो गई है। आसमान में उड़ती यह स्वदेशी आंख दुश्मन की हर गतिविधि पर दूर से नजर रख सकती है और भारतीय वायुसेना को रियल-टाइम इंटेलिजेंस उपलब्ध कराती है। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के सेंटर फॉर एयर बॉर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) में विकसित स्वदेशी टोही और निगरानी विमान नेत्रा अवॉक्स को फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेन्स यानी एफओसी मिल गया। इसका मतलब ये है कि बालाकोट और ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाली आसमान में हमारी आंख 'नेत्रा' अब पूरी तरह से वायु सेना को और सशक्त बनाने के लिए तैयार है।



### नेत्रा की खासियत

*नेत्रा भारत द्वारा विकसित एक अत्याधुनिक एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूएंडसी) प्रणाली है। यह हवाई निगरानी एवं कमांड-एंड-कंट्रोल प्रणाली है।*

### मिशन के लिए पूरी तरह तैयार

बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में उप वायु सेना प्रमुख अवधेश भारती ने एफओसी सर्टिफिकेट रिसीव किया और नेत्रा को प्रमाणित रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल करने की घोषणा की। एफओसी वह अंतिम चरण होता है।

### वायु सेना की ताकत बढ़ेगी

*एम्ब्रेयर विमान पर बना यह सिस्टम आसमान में दुश्मन की मिसाइलों और विमानों पर नजर रखकर भारतीय वायु सेना की ताकत को कई गुना बढ़ाने का काम करेगा। इस प्रोजेक्ट ने तहत अत्याधुनिक सर्विलांस सेंसर ब्राजीलियाई एम्ब्रेयर विमान पर फिट किए गए हैं। इस सिस्टम का मुख्य काम भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोनों, मिसाइलों और यहां तक कि समुद्री सतह पर मंडराने वाले खतरों की बहुत पहले ही टोह लेना और अर्ली वॉर्निंग जारी करना है।*






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28